26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : रविवार, 1 मार्च, 2026

अंक- 127 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

# खामेनेई की मौत

## बेटी-दामाद, बहू-पोती भी मारे गये

### ईरानी सेना बोली- अब सबसे खतरनाक हमला करेंगे

तेल अवीव/तेहरान (एजेंसी/चिंगारी)। अमेरिका-इजराइल के हमले में ईरानी सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत हो गई। हमले में खामेनेई की बेटी, दामाद, पोती और बहू भी मारे गए हैं। खामेनेई की मौत से ईरान सहित दुनिया के तमाम देशों में उनके चाहने वालों में शोक व्याप्त हो गया। ईरान में 40 दिन का राजकीय शोक और सात दिनों की सार्वजनिक छुट्टियों की घोषणा की गई है। खामेनेई की मौत के बाद ईरानी इस्लामिक रेवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (IRGC) ने दुख जताया है। ईरानी न्यूज एजेंसी फार्स के मुताबिक IRGC ने कहा, 'हमने एक महान नेता खो दिया है और पूरा देश उनका शोक मना रहा है।' इसी के साथ ईरानी सेना ने खतरनाक अभियान की शुरुआत की घोषणा की है। सेना ने कहा कि यह हमला अमेरिकी ठिकानों पर किया जाएगा। इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने खामेनेई की मौत का दावा किया था। ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर पोस्ट कर कहा कि इतिहास के सबसे क्रूर व्यक्तियों में से एक खामेनेई मारा गया। यह ईरान की जनता के साथ-साथ अमेरिका और दुनियाभर के देशों के लिए न्याय है। इजराइल और अमेरिका ने शनिवार को ईरान में राजधानी तेहरान समेत कई शहरों पर हमला किया। ईरान ने भी इजराइल पर पलटवार करते हुए जवाबी हमले किए।



### ईरान में 200 लोगों की मौत, 740 घायल

ईरान पर अमेरिका और इजराइल के हमलों से अब तक 200 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 740 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। यह जानकारी ईरान की रेड क्रिसेंट सोसाइटी ने दी है। ईरान के एक स्कूल पर मिसाइल गिरने से 148 छात्राओं की मौत हो गई, जबकि 45 घायल हैं। इजराइल और अमेरिका ने ईरान पर किए हमले में 10 बड़े शहरों को निशाना बनाया।

## पाकिस्तान जीतकर भी बाहर, न्यूजीलैंड सेमीफाइनल में

पल्लेकेले (एजेंसी/चिंगारी)। श्रीलंका के कप्तान दसून शानका ने आखिरी ओवरों में जबर्दस्त बल्लेबाजी करते हुए अपनी टीम को जीत के करीब पहुंचा दिया। लेकिन आखिरी दो गेंदों पर वह बड़ा शॉट नहीं खेल पाये और पाकिस्तान ये मुकाबला पांच रनों से जीत लिया। दसून शानका ने 31 गेंदों में आठ छक्के और दो चौके लगाते हुए (नाबाद 76 रनों की पारी खेली। पाकिस्तान रनरेट के आधार पर मैच जीतने के बावजूद टूर्नामेंट से बाहर हो गया है, वहीं न्यूजीलैंड ने सेमीफाइनल में जगह बना ली है। 213 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंका की शुरुआत खराब रही और उसने 33 रन के स्कोर पर अपने दो विकेट गंवा दिये। पथुम निसंका (तीन) और कामिल मिशारा (26) रन बनाकर आउट हुये। इसके बाद चरित असलंका ने पवन रत्नायके के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया।

पं. उ.प्र. में सर्वप्रथम विराजित



सांवलिया सेठ

(श्याम बाबा) के

दर्शन करें।

प्राचीन शिव मंदिर

अग्रवाल धर्मशाला

रम्मू का चौराहा, बिजनौर

मो. 9927652453

### आज से बिना सिम नहीं चलेगा वॉट्सऐप

#### कॉमर्शियल सिलेंडर के दाम 31 रुपए तक बढ़े, हवाई सफर महंगा हो सकता है

आज 1 मार्च 2026 से 4 अहम बदलाव लागू होने जा रहे हैं। इसका सीधा असर आपकी जिंदगी पर पड़ेगा। आज यानी रविवार से कॉमर्शियल गैस सिलेंडर 31 रुपए तक महंगा हो गया है। वहीं ATF के दाम बढ़ने से हवाई सफर महंगा हो सकता है। इसके अलावा अब फोन में एक्टिव सिम के बिना वॉट्सएप जैसे मैसेजिंग एप्स काम नहीं करेंगे। रेलवे का अनरिजर्व्ड टिकटिंग सिस्टम (UTS) एप काम करना बंद कर देगा।

बिना ऑप्रेशन/बिना चीर-फाड़

बवासीर PILES | भगन्दर FISTULA | फिशर FISSURE






डॉ. सुधांशु चौधरी

MS (Anorectal Surgeon)

(गुदा रोग विशेषज्ञ)

आने से पहले कॉल करें-

प्रत्येक बृहस्पतिवार बिजनौर में एवं प्रत्येक शुक्रवार बास्टा (चांदपुर) में मिलें

Mob.7302127966, 9411226422, 9871884104

सुश्रुत कोलोरेक्टल सेंटर

पता - निकट मित्तल पेट्रोल पम्प, बैराज रोड, बिजनौर

पता - श्री साईं अस्पताल बस स्टैण्ड चौराहा बास्टा तह.-चान्दपुर, जिला-बिजनौर

LRD SVM इंटर कॉलेज, मण्डावर (जि. बिजनौर)

(English Medium)

आवश्यकता है

PRT - सभी विषय

TGT- अंग्रेजी, सामाजिक विज्ञान, हिन्दी/संस्कृत,

PGT- अंग्रेजी

उप-प्रधानाचार्य (न्यूनतम 5 वर्ष अनुभव), खेल प्रशिक्षक, संगीत शिक्षक, स्पोकन इंग्लिश, Accountant

योग्यता- स्नातक/स्नातकोत्तर, B.Ed/D.El.Ed (जहां लागू), English Medium अनुभव व उत्तम संप्रेषण कौशल वांछनीय।

वेतन- 10,000-15,000 प्रतिमाह (योग्यता/अनुभव अनुसार)।

सीधा साक्षात्कार- 08 मार्च 2026, प्रातः 9:30 बजे

स्थान- LRD SVM इंटर कॉलेज, मण्डावर (बिजनौर से 14 किमी)

CV WhatsApp करें- 8979470625

-भूदेव सिंह, प्रबंध निदेशक

MILLENNIUM PUBLIC SCHOOL

NAJIBABAD ROAD, KOTWALI DEHAT DISTT. BIJNOR

We Are Hiring

PGT (ALL SUBJECTS)

TGT (ALL SUBJECTS)

PRT (ALL SUBJECTS)

P.T.I. (B.P.Ed/M.P.Ed)

बिजनौर से कोतवाली आने जाने के लिए ट्रांसपोर्ट सुविधा उपलब्ध है

Fluency in English is essential Experienced candidate will be preferred

Email : mpskotwali@gmail.com Send Resume on the Given Number 8958800042, 8958800019, 9634289199

# चुनाव को लेकर जिला बार एसोसिएशन में दो फाड़

## एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन नहीं हैं गहलौत- यशपाल सिंह

## चरत सिंह को चुनाव अधिकारी बनाना ग़लत- चन्द्रवीर सिंह

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिला बार एसोसिएशन के चुनाव को लेकर चल रहा विवाद खत्म होने का नाम नहीं ले रहा। जिला बार स्पष्ट तौर पर दो फाड़ नजर आ रही है। बार के अध्यक्ष यशपाल सिंह ने आज दैनिक समाचार-पत्रों में श्री चन्द्रवीर सिंह गहलौत को एल्डर्स कमेटी का चेयरमैन चुने जाने संबंधी समाचार भ्रामक है। उन्होंने कहा कि एल्डर्स कमेटी की ऐसी कोई भी बैठक बार हॉल में नहीं हुई, जिसमें चन्द्रवीर सिंह गहलौत को कमेटी का चेयरमैन नियुक्त किया गया हो। यशपाल सिंह के अनुसार बार कौंसिल उत्तर प्रदेश के पूर्व चेयरमैन एवं सदस्य बलवंत सिंह, ओमेन्द्र कुमार त्यागी व हितेश शर्मा एडवोकेट द्वारा लिखित तौर पर स्पष्ट बता दिया गया है कि जिला बार एसोसिएशन की परम्पराओं के अनुसार चरत सिंह एडवोकेट को चुनाव अधिकारी घोषित किया गया है तथा उनके द्वारा ही चुनाव की प्रक्रिया सम्पन्न करायी जा रही है, लेकिन आज कुछ लोग अपना वर्चस्व स्थापित करने की नीयत से बार के हितों के विपरीत काम कर रहे हैं तथा अवैध रूप से हड़ताल के लिये फर्जी प्रस्ताव करके न्यायिक कार्यों को बाधित कर रहे हैं, जिसके लिये बार कौंसिल उत्तर प्रदेश व माननीय उच्च न्यायालय प्रयागराज को लिखा-पढ़ी की जा रही है। यशपाल सिंह ने सभी सदस्यों से बार की गरिमा को बनाये रखने तथा नियमानुसार हो रहे चुनाव में सहयोग करने की अपील की है। उधर, ठा. चन्द्रवीर सिंह गहलौत द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार उन्हीं की अध्यक्षता में जिला बार हॉल में 27 मार्च को बैठक सम्पन्न हुई, जिसमें कहा गया कि जिला बार अध्यक्ष श्री यशपाल सिंह द्वारा गलत तरीके से वर्ष 2026-27 का चुनाव कराने के लिये श्री चरत सिंह को चुनाव अधिकारी घोषित किया गया है। चन्द्रवीर सिंह गहलौत के अनुसार श्री यशपाल सिंह व श्री विशाल अग्रवाल का कार्यकाल 19 जुलाई 2025 को समाप्त हो गया था, लेकिन ये दोनों पदाधिकारी चुनाव न कराकर अवैध रूप से बार एसोसिएशन पर कब्जा जमाये हुए थे, जिससे अधिवक्ताओं में भारी रोष था और इसी कारण 13 फरवरी 2026 को बड़ी संख्या में अधिवक्तागण जिला बार हॉल में जमा हुए और बार का चुनाव कराने हेतु वरिष्ठ अधिवक्ता श्री वीरेन्द्र पाल सिंह के नेतृत्व में समिति का गठन किया गया। विज्ञप्ति में ठा. चन्द्रवीर सिंह गहलौत ने स्वयं को एल्डर्स कमेटी का अध्यक्ष बताया है।

# दरगाह प्रशासक मौलाना सैयद शबाब हैदर नकवी ने संभाली कमान

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** दरगाह ए आलिया नजफ-ए-हिन्द में नये दौर की शुरुआत हो गई है। उत्तर प्रदेश शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड के चेयरमैन अली जैदी द्वारा नियुक्त मौलाना सैयद शबाब हैदर नकवी ने प्रशासक के रूप में विधिवत कार्यभार संभाल लिया। नवनियुक्त प्रशासक ने चार्ज लेते ही दरगाह के स्टाफ, खादेमीन व दुकानदारों के साथ अहम बैठक की। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि दरगाह पर आने वाले जायरीन की खिदमत में कोई कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही व्यवस्थाओं में सुधार, वित्तीय पारदर्शिता व अनुशासन पर विशेष जोर दिया जाएगा। मौलाना शबाब हैदर नकवी ने कहा कि दरगाह आस्था का केंद्र है, यहां की व्यवस्था मिसाल बननी चाहिए। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सभी कार्य नियम व पारदर्शिता के साथ किए जाएंगे। इस मौके पर दरगाह के पूर्व सदर चौधरी उरूज, चौधरी सीरत, फैजान, अब्बास नकवी, नवाब अली, जाफर अली, हसन जैदी, नवाब (पप्पू) व डॉ. मरगूब आलम सहित बड़ी संख्या में मोमिनीन मौजूद रहे। दरगाह में नये प्रशासक के आगमन से समर्थकों में खासा उत्साह रहा तथा उम्मीद जताई जा रही है कि अब व्यवस्थाओं में सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेगा।



दरगाह कमेटी के पदाधिकारियों के साथ प्रशासक।

# राष्ट्र की सेवा में समर्पित रहे पूर्व सैनिकों को सम्मानित किया



सम्मानित किये गये पूर्व नौसैनिक।

**मंडावली/नजीबाबाद ( चिंगारी )।** मंडावली क्षेत्र के महर्षि दयानंद विद्यालय मुस्सेपुर में एकल विद्यालय अभियान अंचल नजीबाबाद की ओर से पूर्व सैनिकों को सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम देशभक्ति, सम्मान व कृतज्ञता की भावना से ओत-प्रोत रहा। पूर्व सैनिक वह वीर सपूत हैं, जिन्होंने अपने जीवन का महत्वपूर्ण समय राष्ट्र की सेवा में समर्पित किया। सीमाओं की रक्षा करते हुए उन्होंने अपने साहस, अनुशासन व त्याग का परिचय दिया। ऐसे वीरों का सम्मान करना न केवल हमारा कर्तव्य है, बल्कि यह आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत भी है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित वक्ताओं ने पूर्व सैनिकों के अदम्य साहस व देश के प्रति उनके समर्पण को नमन किया। उन्हें अंगवस्त्र, स्मृति-चिन्ह व पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर देशभक्ति से ओत-प्रोत वातावरण ने सभी के हृदय में गर्व व सम्मान की भावना को और प्रगाढ़ कर दिया। कार्यक्रम में पूर्व नौसैनिक रविंद्र काकरान, अनिल कुमार, पूर्व सैनिक पवन कुमार, अनिरुद्ध कुमार, अवधेश सिंह, विजय राणा, रविंद्र सिंह को माला पहनाकर, पुष्प भेंट कर व श्रीराम दरबार का चित्र भेंट कर सम्मानित किया। अंचल समिति की ओर से समिति उपाध्यक्ष अरूण गहलौत, संभाग सदस्य प्रमोद कुमार, सोमपाल राठी, दिगपाल सिंह व प्रियंका रानी ने पूर्व सैनिकों को सम्मानित किया।



पिंजरे में कैद हुआ कांवड़िये पर हमला करने वाला गुलदार ( पेज 12 )



# रामगंगा बांध खण्ड में उजागर हुआ भ्रष्टाचार का मामला


1.8 लाख 43 हजार रुपए में बनी दीवार।


8 लाख 31 हजार रुपए में फिल्ट्रेशन प्लांट के लॉन का विकास।


लाखों रुपए की लागत से मरम्मत की गई सड़क।

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** सिंचाई विभाग के रामगंगा बांध खंड, कालागढ़ में कथित भ्रष्टाचार का मामला अब व्यापक जनचर्चा का विषय बन चुका है। वित्तीय वर्ष 2024–25 एवं 2025–26 के अंतर्गत कराए गए विभिन्न निर्माण, मरम्मत और अनुरक्षण कार्यों में करोड़ों रुपये की संभावित वित्तीय अनियमितताओं का खुलासा सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत प्राप्त दस्तावेजों से हुआ है। सामने आए तथ्यों ने विभागीय कार्यप्रणाली की पारदर्शिता और जवाबदेही पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगा दिये हैं।

जानकारी के अनुसार अनेक निविदाओं में जिन कार्यों को पूर्ण दर्शाकर भारी भुगतान स्वीकृत किया गया, उनकी स्थलीय स्थिति उससे मेल नहीं खाती। कई स्थानों पर कार्य या तो अधूरे पाए गए या फिर बेहद सीमित स्तर पर किए गए, जबकि कागजों में उन्हें शत–प्रतिशत पूर्ण दिखाया गया है। आरोप है कि फर्जी मापन पुस्तिकाएं (एमबी) तैयार कर, मनगढ़ंत पूर्णता प्रमाण–पत्र जारी कर और निर्धारित वित्तीय नियमों की अनदेखी करते हुए भुगतान की प्रक्रिया पूरी की गई। कुछ मामलों में कार्यस्थल पर वास्तविक निर्माण की गुणवत्ता भी मानकों से कम पाई गई, जबकि भुगतान उच्च श्रेणी के कार्य के अनुरूप किया गया। इससे यह आशंका प्रबल होती है कि न केवल कागजी हेराफेरी की गई, बल्कि गुणवत्ता नियंत्रण की व्यवस्था भी संदिग्ध रही। यदि आरोप प्रमाणित होते हैं तो यह मामला केवल प्रशासनिक लापरवाही तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसे सरकारी धन की सुनियोजित बंदरबांट और राजकोष के साथ गंभीर खिलवाड़ के रूप में देखा जाएगा। प्रथम दृष्ट्या दस्तावेज विभागीय स्तर पर मिलीभगत और सुनियोजित वित्तीय अनियमितता की ओर संकेत करते हैं।

इस प्रकरण को लेकर लोगों में रोष और चिंता का माहौल है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि विकास कार्यों में इस प्रकार की अनियमितताएं जारी रहीं तो इससे सरकारी योजनाओं की विश्वसनीयता पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा और जनता का शासन से भरोसा उठ जाएगा। उनका कहना है कि पारदर्शी जांच और कठोर कार्रवाई ही इस प्रकार की प्रवृत्तियों पर अंकुश लगा सकती है। अब सबकी निगाहें शासन स्तर पर टिकी हैं। जब इस संबंध में सिंचाई विभाग के अधीक्षक अभियंता संजीव झा से बात की गई तो उन्होंने इस संबंध में कुछ भी नहीं कहा।

**मैं राह का चराग हूं सूरज तो हूं नहीं, जितनी मेरी बिसात है काम आ रहा हूं मैं**


सभी देशवासियों, जनपदवासियों एवं नगरवासियों को
मुक़द्दस रमज़ान की
दिली मुबारकबाद



**वसीक अहमद**
पूर्व सभासद
नगरपालिका परिषद, बिजनौर
मो. मिर्दगान बी–10, बिजनौर

ग्याहरवां रोजा : रविवार, 1 मार्च 2026
इफ्तार सुन्नी– 6:20, शिया 6:30
बारहवां रोजा : सोमवार, 2 मार्च 2026
खत्म सहरी : सुन्नी– 5:17, शिया–5:10

## सबकी उन्नति में अपनी उन्नति समझना होली पर्व का सन्देश-वेदार्थी



**बिजनौर ( चिंगारी )।** आर्यसमाज आत्मानन्दधाम, बिजनौर के तत्वावधान में होली–समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में नवसस्येष्टि, भजन–गीत व प्रवचन सम्पन्न हुये। नवसस्येष्टि नामक यज्ञ के अनन्तर वैदिक विद्वान आचार्य विष्णुमित्र वेदार्थी ने श्रद्धालुओं को सम्बोधित किया कि होली पर्व नये अधपके अन्न व ओषध द्रव्यों से यज्ञ करके मनाया जाता है। इस अवसर पर नवीन फसल के आने से कृषकों सहित सब जन आनन्द की अनुभूति करते हुए परस्पर सुखों का आदान–प्रदान करते हैं और ऋतु परिवर्तन होने से वायु मण्डल में उत्पन्न दोषों का यज्ञों के द्वारा संशोधन करते हैं। होली पर्व का मानव मात्र के लिये सन्देश है कि 'प्रत्येक को अपनी ही उन्नति में सन्तुष्ट न रहना चाहिये किन्तु सबकी उन्नति में अपनी उन्नति समझनी चाहिये।'

डा. मनुराज आर्य ने वैद्यक ग्रन्थों के अनुसार युक्त आहार, विहार व रोगानुसार सामग्री का निर्माण कर, उस सामग्री से यज्ञ करने का उपदेश दिया। आर्यभजनोपदेशक पण्डित रूपचन्द आर्य, पण्डित अतर सिंह आर्य व पण्डित बाबूराम आर्य ने होली पर्व की महिमा का वर्णन किया। समारोह में नीरज आर्य, अमरीश आर्य, महाराज सिंह आर्य, योगेश्वर आर्य इत्यादि का उल्लेखनीय योगदान रहा।

Hero

**हीरो लाया है साल की शुरुआत में शानदार ऑफर**

Hero



**MEVRICK 440 पर पायें
50,000 रुपये का कैश डिस्काउंट**

**XTREME 160 पर पायें 10,000
रुपये का कैश डिस्काउंट**



फाइनेंस सुविधा भी उपलब्ध है!

आवश्यकता है शोरूम एग्जीक्यूटिव, फ्लोर सुपर वाइजर एवं कुशल मैकेनिक की

आकर्षक उपहार

**कविता मोटर्स**
हीरो मोटर्स कॉर्प के अधिकृत विक्रेता

**किरतपुर रोड, बिजनौर**
**मोबाइल 9457937407**

# यहां आज भी बांसों को आपस में रगड़कर उत्पन्न अग्नि से होता है होलिका दहन

**राजा का ताजपुर (चिंगारी)। भारतीय संस्कृति में पौराणिक मान्यताओं, सामाजिक चलन का बड़ा महत्व है, जिसके चलते ग्राम रशीदपुर, पाइन्दापुर, बुढ़नपुर, सादपुरी में आज भी बांसों को रगड़कर उससे उत्पन्न आग से होलिका दहन किये जाने की वर्षो पुरानी परम्परा आज भी जीवित है।**



दरअसल हर क्षेत्र में होलिका दहन की अलग-अलग परम्परायें हैं। बदलते परिवेश में समय की बचत तथा झंझट से बचने के लिये हवन के चिराग से होलिका दहन किया जाता है। ताजपुर क्षेत्र में अभी भी कुछ गांव ऐसे हैं कि वहां होलिका दहन बांस या पत्थर से निकली चिंगारी से नई आग पैदा कर उसी से होलिका दहन किया जाना शुभ माना जाता है। ग्राम रशीदपुर में बुजुर्ग केसरी सिंह, ग्राम पाइन्दापुर के मा. ओमप्रकाश शर्मा, प्रेमपाल सिंह, सेवानिवृत प्रधानाचार्य जयदेव सिंह आर्य, बुढ़नपुर निवासी महेन्दर सिंह बताते हैं कि उनके गांव में आज भी होलिका दहन नई आग पैदा कर किया जाता है। गांव के बुजुर्गों की देखरेख में नये दो बांस रगड़कर उनकी गर्माहट से पैदा होने वाली चिंगारी से पहले कपास जलाई जाती है, फिर उस आग से परिक्रमा कर होलिका दहन होता है। इस प्रक्रिया में एक घंटा लग जाता है। इस बीच ढोल धमाके बजते रहते हैं। पूजन चलता रहता है। इसके बाद गन्ने में गेंहू की बाली बांधकर भूनी जाती हैं। होली की इस आग से पहले घरों के चूल्हे जलते थे। अब चुल्हों की जगह तो गैस चुल्हों ने ले ली है, लेकिन इस आग की धुनी घर ले जाना शुभ माना जाता है।

ताजपुर में पहले पत्थर की चिंगारी से नई आग पैदा कर होलिका दहन किये जाने की परम्परा थी, जो झंझट के चलते धीरे-धीरे बंद हो गई। अब पूजन के बाद पं. राकेश शर्मा होलिका दहन करते हैं। खलिया पार मोहल्ले में अभी भी होली की रात गंदगी भरी हंडिया घर के आंगन में फेंके जाने की परम्परा है, जिसको लेकर रात भर गालियां देने का दौर चलता है, जिसका कोई बुरा नहीं मानता। बहराल ताजपुर मिश्रित आबादी का बड़ा कस्बा होने के बावजूद भी यहां भाईचारे के साथ होली मनाई जाती है। रंग व गुलाल का बहुत बड़ा जुलुस निकलता है। रंग भरी हंडिया फोड़ी जाती हैं। शाम को चौपी निकलती है।

**-कमलजीत सिंह 'नूर'**


सभी क्षेत्रवासियों को मुकद्दस रमज़ान की दिली मुबारकबाद



ठाकुर मूलचंद चौहान
पूर्व राज्यमंत्री
(उत्तर प्रदेश सरकार)
समाजवादी पार्टी 20 विधानसभा क्षेत्र, धामपुर

ग्याहरवां रोजा : रविवार, 1 मार्च 2026
इफ्तार सुन्नी- 6:20, शिया 6:30
बारहवां रोजा : सोमवार, 2 मार्च 2026
खत्म सहरी : सुन्नी- 5:17, शिया-5:10


# कार्यालय प्रबंधन प्रशिक्षण के लिए आवेदन 27 मार्च तक

**बिजनौर (चिंगारी)।** जिला सेवायोजन कार्यालय बिजनौर के अधीन शिक्षण एवं मार्गदर्शन केंद्र में अप्रैल 2026 से कार्यालय प्रबंधन प्रशिक्षण प्रारंभ किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण अनुसूचित जाति / जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग से संबंधित ऐसे अभ्यर्थियों को दिया जाएगा, जिनकी न्यूनतम शैक्षिक योग्यता इंटरमीडिएट होगी तथा हाईस्कूल में अंग्रेजी विषय होना अनिवार्य है। स्नातक तथा स्नातकोत्तर डिग्री धारकों को वरीयता दी जाएगी। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रवेश लेने के लिए अभ्यर्थी की आयु प्रवेश के समय 18 वर्ष होना आवश्यक है तथा अधिक से अधिक 35 वर्ष तक के अभ्यर्थी ही आवेदन कर सकते हैं, साथ ही अन्य किसी संस्थान में अध्यनरत न हों। इस प्रशिक्षण की अवधि 1 वर्ष होगी। प्रशिक्षण पूर्णतया निःशुल्क होगा, परंतु अभ्यर्थियों को प्रवेश के उपरांत नोट आदि के लिए लेखन सामग्री की व्यवस्था स्वयं करनी होगी। इस प्रशिक्षण में आशुलिपि, टंकण तथा कंप्यूटर के साथ-साथ सामान्य हिंदी, सामान्य अंग्रेजी, सामान्य ज्ञान, सामान्य गणित, बही खाता एवं सचिव पद्धति विषयों का अध्ययन कराया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी अपने आवेदन पत्र शिक्षक एवं मार्गदर्शन केंद्र में 27 मार्च तक जमा कर सकते हैं। अभ्यर्थियों को साक्षात्कार हेतु 30 मार्च तक समस्त मूल प्रमाण-पत्र के साथ शिक्षक एवं मार्गदर्शन केंद्र बिजनौर में उपस्थित होना है। यह जानकारी जिला सेवा योजना अधिकारी ने दी।

# मुसलमानों के लिये यह इम्तिहान का दौर पकड़े रहें पवित्र कुरआन की डोर

**अफजलगढ़ (चिंगारी)।** अफजलगढ़ बस स्टैंड के पास मशहूर कपड़ा व्यापारी गड्डू कपड़े वालों के मकान पर तरावीह की नमाज़ के दौरान आठ दिनों में कुरआन-ए-करीम मुकम्मल किया गया। इस मुबारक मौके पर इलाके के बड़ी तादाद में लोग मौजूद रहे।



## मौलाना मुफ़्ती इरफान क़ासमी ने फरमाया

मजलिस को खिताब करते हुए इलाहीबख्श पब्लिक स्कूल के मैनेजर मौलाना मुफ्ती इरफान कासमी ने हाज़िरीन से सच्चा और नेक मुसलमान बनने की अपील की। उन्होंने अपने बयान में कहा कि मौजूदा दौर मुसलमानों के लिए इम्तिहान का दौर है, जिसमें तरह-तरह की मुश्किलें और आज़माइशें सामने आ रही हैं। ऐसे नाज़ुक हालात में हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है कि हम पवित्र कुरआन से अपना रिश्ता मज़बूत करें।

मुफ्ती साहब ने फरमाया कि कुरआन शरीफ़ इंसानों के लिए मुकम्मल ज़िंदगी का रास्ता दिखाने वाली किताब है, जिसे अल्लाह तआला ने अपने प्यारे पैगंबर हज़रत मुहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) पर नाज़िल फरमाया। उन्होंने कहा कि तारीख गवाह है कि जब भी मुसलमानों ने कुरआन की तालीमात से दूरी बनाई, उन्हें ज़िल्लत और परेशानी का सामना करना पड़ा।

उन्होंने रमज़ानुल मुबारक के महीने की अहमियत बयान करते हुए कहा कि यह महीना इबादत, सुधार और तरबीयत का महीना है। इस पाक महीने में की गई सच्ची इबादत इंसान को पूरे साल के लिए नेक राह पर चलने की ताक़त देती है। मजलिस का इख्तिताम हज़रत मुफ्ती इरफान कासमी साहब की दुआ पर हुआ, जिसमें मुल्क में अमन, भाईचारा और पूरी इंसानियत की भलाई के लिए खास दुआ की गई।


ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी


# गोल्डेन लायनेस क्लब मेन ने मनाया होली उत्सव

**बिजनौर (चिंगारी)।** गोल्डेन लायनेस क्लब मेन, बिजनौर ने होली उत्सव सभागार में धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ क्लब में शामिल हुए नये सदस्यों कल्पना त्यागी, डा. प्रिया कोठारी, ममता, एकता त्यागी, नीलम सिंह, छवि, पूनम इत्यादि के द्वारा कराया गया। अध्यक्ष आशा अग्रवाल एवं सुरभि ने राधा-कृष्ण भक्ति नृत्य प्रस्तुत किया। इसके उपरांत उपस्थित अतिथियों पोस्ट होल्डर्स, अन्य क्लबों की पीएसटी टीम का स्वागत अध्यक्ष आभा अग्रवाल, सचिव विनीता रघुवंशी एवं कोषाध्यक्ष नीतू अग्रवाल ने मिलकर एक नृत्य प्रस्तुति के द्वारा किया। कल्पना त्यागी एवं डा. प्रिया ने सभी आगन्तुकों का टीका लगाकर एवं गिफ्ट देकर स्वागत किया। कार्यक्रम की मास्टर ऑफ सेरेमनी जोन चेयरपर्सन विनीता राजपूत के हाथों में रही। भूमिका राजपूत ने अपनी मधुर



## अर्चना राजपूत चुनीं गईं होली क्वीन

आवाज से कार्यक्रम को मनमोहक बना दिया। प्रभा सिंह, छवि कौशल ने होली गीत गाये एवं कमलेश सिंह, डा. नीता सिंह, अरूणा मित्तल, डा. प्रिया, सुनीता सिंह, सीमा अग्रवाल ने अपना सोलो नृत्य प्रस्तुत किया।

डि. सेक्रेटरी मनुश्री ने भी मनमोहक नृत्य नाटिका प्रस्तुत की। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण होली क्वीन के चुनाव के लिए सदस्यों का रैम्प वाक कराया गया। इसके बाद लकी ड्रा एवं गेम के जरिये होली क्वीन का चुनाव किया गया, जिसमें अर्चना राजपूत विजेता घोषित हुईं। फर्स्ट रन अप सुनीता सिंह एवं सेकेंड रनर अप रेखा अग्रवाल रहीं।

# त्यौहारों को शांतिपूर्वक सम्पन्न कराया जाये : डीआईजी मुनिराज

**बिजनौर ( चिंगारी )।** आगामी त्यौहारों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के उद्देश्य से शनिवार को पुलिस प्रशासन द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारी बैठक आयोजित की गई।

बैठक के दौरान जनपद की कानून एवं शांति व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाए रखने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। डीआईजी मुनिराज ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि संवेदनशील एवं मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरती जाए तथा लगातार निगरानी सुनिश्चित की जाए।

पुलिस उपमहानिरीक्षक ने निर्देशित किया कि सभी थाना क्षेत्रों में नियमित एवं प्रभावी गश्त की जाए तथा संदिग्ध व्यक्तियों और गतिविधियों पर पैनी नज़र रखी जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि त्यौहारों के दौरान पुलिस की मौजूदगी आमजन में सुरक्षा की भावना पैदा करती है, इसलिए बीट पुलिसिंग को और मजबूत किया जाए।



गोष्ठी में साम्प्रदायिक सौहार्द बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया। अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि धर्मगुरुओं, संभ्रांत नागरिकों एवं शांति समितियों के सदस्यों के साथ निरंतर संवाद बनाए रखें। इसके साथ ही जुलूस, शोभायात्रा एवं अन्य धार्मिक आयोजनों के मार्गों का पूर्व में भौतिक सत्यापन कर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने को कहा गया।

पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने अपराध नियंत्रण को लेकर अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि त्यौहारों के दौरान असामाजिक तत्वों पर विशेष निगरानी रखी जाए। उन्होंने लंबित वारंटों की तामील, हिस्ट्रीशीटरों की चैकिंग तथा अवैध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के निर्देश भी दिये। बैठक के अंत में डीआईजी मुनिराज ने कहा कि पुलिस की प्राथमिकता जनपद में शांति, सुरक्षा और सौहार्द बनाए रखना है। उन्होंने चेतावनी दी कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। समीक्षा गोष्ठी में जनपद के सभी राजपत्रित अधिकारी एवं थाना प्रभारी उपस्थित रहे।

## साइंस डे पर हुई विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता



**बिजनौर ( चिंगारी )।** कुंवर सत्यावीरा डिग्री कॉलेज में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस उत्साह एवं गरिमा के साथ मनाया गया। यह दिवस महान वैज्ञानिक डॉ. सी.वी. रमन की स्मृति में मनाया जाता है, जिन्होंने 28 फरवरी 1928 को अपने महत्वपूर्ण शोध 'रमन प्रभाव' की खोज की थी, जिसके लिए उनको नोवेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में ऋ षभ ने प्रथम स्थान, मिस्बाह ने द्वितीय एवं संध्या ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में निशु ने प्रथम स्थान, शाजिया द्वितीय स्थान एवं अंशिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया एवं विज्ञान पोस्टर प्रदर्शनी में सृष्टि ने प्रथम स्थान, तमन्ना, मिस्बाह ने द्वितीय एवं संध्या ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। साथ ही इकरा, राबिया व निशु को सांत्वना पुरस्कार मिला। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डॉ. महेंद्र सिंह कौरव ने विद्यार्थियों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने, तर्कशीलता विकसित करने तथा अनुसंधान के प्रति रुचि बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।



सभी क्षेत्रवासियों को **मुकद्दस रमज़ान**
की दिली मुबारकबाद
**विवेक सेन**

सदस्य जिला पंचायत, जिला योजना समिति, बिजनौर
मुरादाबाद मण्डल महासचिव आजाद समाज पार्टी कांशीराम
संस्थापक सदस्य- आजाद समाज पार्टी कांशीराम
संभावित प्रत्याशी धामपुर विधानसभा- 20
ग्याहरवां रोजा : रविवार, 1 मार्च 2026
इफ्तार सुन्नी- 6:20, शिया 6:30
बारहवां रोजा : सोमवार, 2 मार्च 2026
खत्म सहरी : सुन्नी- 5:17, शिया-5:10


## चिंगारी के प्रकाशन के सम्बंध में सूचना
### फार्म- 4
( नियम 8 देखिये )

| | |
|---|---|
| 1. प्रकाशन का स्थान : | बिजनौर |
| 2. प्रकाशन अवधि : | दैनिक |
| 3. मुद्रक का नाम : | **सूर्यमणि रघुवंशी** |
| क्या भारत का नागरिक है ? | हां |
| यदि विदेशी है तो मूल देश | XX |
| पता : | स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर (उ.प्र.) |
| 4. प्रकाशक का नाम : | **सूर्यमणि रघुवंशी** |
| क्या भारत का नागरिक है ? | हां |
| यदि विदेशी है तो मूल देश | XX |
| पता : | स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर (उ.प्र.) |
| 5. उन व्यक्तियों के नाम व पते: जो समाचार-पत्र के स्वामी तथा समस्त पूंजी के एक प्रतिशत से अधिक के साझीदार या हिस्सेदार हों | **रामगंगा प्रकाशन** स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर (उ.प्र.) |

मैं **सूर्यमणि रघुवंशी** एतद्द्वारा घोषित करता हूं कि मेरी अधिकतम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार ऊपर दिये गये विवरण सत्य हैं।

**दिनांक : 01 मार्च, 2026**

**ह. सूर्यमणि रघुवंशी**

# हैंडबाल का ख़िताब बिजनौर ने जीता

## अनुशासन व टीम भावना का सशक्त माध्यम है खेल-डीआईजी

**बिजनौर ( चिंगारी )।** अन्तर्जनपदीय पुलिस हैण्डबाल एवं बास्केटबाल प्रतियोगिता बरेली जोन-2026 के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि डीआईजी मुरादाबाद परिक्षेत्र मुनिराज ने विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को पदक व ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि खेल केवल प्रतिस्पर्धा का माध्यम नहीं, बल्कि अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, टीम भावना और आपसी सौहार्द को मजबूत करने का प्रभावी मंच है।

रिजर्व पुलिस लाइन, बिजनौर में आयोजित तीन दिवसीय अन्तर्जनपदीय पुलिस हैण्डबाल क्लस्टर (महिला/पुरुष) हैण्डबाल एवं बास्केटबाल प्रतियोगिता का समापन शनिवार को गरिमामयी समारोह के साथ हुआ। प्रतियोगिता के अंतिम दिन पुरुष हैण्डबाल का फाइनल मुकाबला जनपद बिजनौर और शाहजहांपुर की टीमों के बीच खेला गया, जिसमें बिजनौर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शाहजहांपुर को 13-05 के अंतर से पराजित कर खिताब अपने नाम किया।




समापन समारोह में बरेली जोन की समस्त प्रतिभागी टीमों द्वारा अनुशासित और आकर्षक मार्च पास्ट प्रस्तुत किया गया। आयोजन सचिव एवं पुलिस अधीक्षक बिजनौर श्री अभिषेक ने प्रतियोगिता का संक्षिप्त प्रशासनिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए आयोजन की रूपरेखा एवं व्यवस्थाओं की जानकारी दी।

# आदर्श होली हवन समिति की बैठक बुलाई 3 व 4 मार्च के जुलूसों की रूपरेखा बनाई


मीटिंग में विचार व्यक्त करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष रवि कुमार सिंह।

**धामपुर ( चिंगारी )।** आदर्श होली हवन समिति की एक बैठक शनिवार की शाम मोहल्ला बाड़वान स्थित नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष रवि कुमार सिंह के कैंप कार्यालय पर आयोजित की गई। बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष रवि कुमार सिंह ने 3 और 4 मार्च को होली और दुल्हैण्डी के दिन निकलने वाले जुलूस की रूपरेखा प्रस्तुत की। इस दौरान बैठक में उपस्थित पुलिस अधिकारियों को बताया गया कि जुलूस के दौरान आदर्श होली हवन समिति के पदाधिकारी गले में परिचय कार्ड डालकर उसकी व्यवस्था संभालेंगे इसलिए पुलिस अधिकारी जुलूस की बाहरी व्यवस्था पर ही ध्यान दें। बैठक में मौजूद कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार सिंह ने कहा कि जिन मार्गो से होली हवन जुलूस निकाला जाएगा पुलिस उन मार्गो की ड्रोन कैमरा से निगरानी करेगी ताकि इस दौरान किसी प्रकार की कोई घटना ना की जा सके।

बैठक में आदर्श होली हवन समिति के संरक्षक डॉ. शंकर लाल शर्मा, प्रमोद मिश्रा, रंग एकादशी समिति के अध्यक्ष विभु बंसल सराफ, पवन अग्रवाल एडवोकेट, विभूति कांत शर्मा, हवन समिति के अध्यक्ष देवेंद्र भटनागर, महामंत्री संजय शर्मा बिल्लू, सौरभ मालपानी, सनी छावड़ा, प्रशांत चंद्रा, लक्ष्मण सिंह, नीरज रस्तौगी, होशराम राम सैनी आदि ने भी विचार व्यक्त किये।

# महिला पर रंग से भरी पालीथीन की थैली फेंकना हुलियारों को महंगा पड़ा

## 10 हजार रुपये देकर पीछा छुड़ाया

**धामपुर ( चिंगारी )।** रंगों के पर्व होली के दौरान मोहल्ला साहूवान वाले चौराहे पर होली खेल रहे युवकों को एक महिला सफाईकर्मी पर रंग से भरी हुई पालीथीन की थैली मारना उस समय महंगा साबित हुआ, जब महिला ने पन्नी लगने के कारण कान का एक सोने का कुंडल खो जाने का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया।

जानकारी के अनुसार मोहल्ला साहूवान वाले चौराहे पर होली के हुलियारों की टोली रंग खेल रही थी। बताया जाता है कि इसी दौरान जब उस मार्ग से एक महिला सफाईकर्मी गुजरी, तो हुलियारों ने उस पर रंग से भरी हुई पालीथीन की थैली फेंक कर मारी। इसके बाद महिला चुपचाप अपने घर चली गई और कुछ देर बाद अपने परिजनों को लेकर मौके पर पहुंची और कहा कि थैली मारने के दौरान मेरे कान का एक कुंडल गिर गया है। इसके बाद उनके साथ आए परिजनों ने जब हुलियारों के साथ मारपीट शुरू की, तो होली खेल रहे युवकों के परिजन मौके पर पहुंचे। इस दौरान भी महिला सफाईकर्मी व उनके परिजन कान से सोने का कुंडल गायब होने की बात करके हंगामा करने लगे। इसके बाद दोनों पक्षों में बैठकर बातचीत हुई और युवको के परिजनों ने दस हजार रुपए की रकम देकर इस मामले का निस्तारण किया।







## श्याम संकीर्तन महोत्सव की तैयारी, जोर-शोर से जारी

**धामपुर ( चिंगारी )।** नगर की अग्रणी धार्मिक संस्था श्री श्याम सखा मंडल की ओर से आगामी 7 मार्च को होने वाले चतुर्थ वार्षिक श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव की तैयारियां प्रारंभ कर दी गई है। इस आशय की जानकारी देते हुए नगर पालिका परिषद के सभासद मनोज कुमार गोयल पप्पी ने बताया कि नगीना मार्ग स्थित रामलीला बाग में होने वाले इस विशाल महोत्सव में भजन गायकों के रूप में बरेली निवासी राम और श्याम, दिल्ली निवासी मास्टर बॉबी एवं अयोध्या निवासी बंकू सिस्टर्स अपने भजनों की प्रस्तुतियों के माध्यम से बाबा खाटू श्याम की महिमा का गुणगान करेंगे। इसके अतिरिक्त संगीत की स्वर लहरियों को प्रभावी रूप में प्रसारित करने का दायित्व नजीबाबाद के उदित राज म्यूजिकल ग्रुप को सौंपा गया है। उन्होंने बताया कि इस चतुर्थ वार्षिक महोत्सव के मुख्य आकर्षण इत्र वर्षा ,पुष्प वर्षा, अलौकिक श्रृंगार, 56 भोग, अखंड ज्योति तथा भव्य दरबार रहेंगे।

## धामपुर में कल होगा महामूर्ख सम्मेलन

**धामपुर ( चिंगारी )।** धामपुर के 6 दिवसीय होली महोत्सव के दौरान हास-परिहास से परिपूर्ण होने वाला महामूर्ख सम्मेलन भी इस पर्व की खुशियों को परवान चढ़ाता है। वैशाख नंदन विश्वविद्यालय ,धामपुर के तत्वावधान में महामूर्ख सम्मेलन कल 2 मार्च, सोमवार को रात्रि साढ़े 8 बजे भगत सिंह चौक के निकट स्थित लोहियान धर्मशाला के सभागार में आयोजित किया जाएगा। वैशाख नंदन विश्वविद्यालय के कुलाधिपति दिनेश चंद्र अग्रवाल नवीन व कुल सचिव हरिकांत शर्मा ने संयुक्त रूप से बताया कि महामूर्ख सम्मेलन के दौरान मुख्य अतिथि के पद पर विराजमान व्यक्तित्व को गधे का मुकुट पहनाने के साथ गले में विभिन्न प्रकार की सब्जियों से बनी हुई माला भी पहनायी जाती है। उन्होंने कहा कि इस दौरान कवि और शायर अपनी रचनाओं को प्रस्तुत कर रंगों के त्यौहार होली को और शानदार बनाते हैं।

# महिलाओं ने मनाई आंवला एकादशी

**धामपुर ( चिंगारी )।** नगीना मार्ग की दुर्गा विहार कॉलोनी स्थित श्री महादेव मंदिर मे महिलाओं द्वारा आंवला एकादशी पर्व पर विधि विधान पूर्वक आवले के वृक्ष की पूजा और कलावा बांधकर परिक्रमा भी की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ सामूहिक पूजन से किया गया, जिसमें मुख्य यजमानों के रूप में सपना चौहान, गीता देवी चौहान, अंशु रानी, माया देवी, मालती देवी, नीलम देवी चौहान, प्रीति रानी शर्मा, सोनिका अग्रवाल, रेनू सिंह, मुन्नी देवी सैनी, रीना देवी सैनी, रानी देवी सैनी, शिवानी रानी, आस्था चौहान, शालिनी चौहान, हेमलता चौहान, नीलम रानी, उमा देवी चौहान, प्रियंका रानी आदि सहित अनेक महिलाओं ने सहभागिता की। पूजन कार्यक्रम पंडित प्रणब भारद्वाज ने संपादित कराया। इस दौरान कार्यक्रम स्थल भगवान शंकर, माता पार्वती, गणेश भगवान, कार्तिकेय, भगवान नंदी जी महाराज तथा वीर बजरंगबली हनुमान जी महाराज के पारंपरिक जयकारों से गूंज उठा। महिलाओं ने भजनों और होली पर्व से संबंधित आध्यात्मिक गीतों के साथ एक-दूसरे के मुख पर गुलाल लगाया और प्रेम, एकता, भाईचारे और सद्भाव के प्रतीक प्राचीन एवं ऐतिहासिक होली पर्व की मंगल मय शुभकामनाएं दी।



# धामपुर शुगर मिल में मनाया गया स्वच्छता पखवाड़ा



**धामपुर ( चिंगारी )।** भारत सरकार के उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय, नई दिल्ली के अनुपालन में धामपुर शुगर मिल में स्वच्छता पखवाड़ा-2026 का आयोजन किया गया। इस पखवाड़े के तहत पूरे मिल परिसर में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। विशेष अभियान के रूप में बेस्ट स्टोरेज यार्ड में श्रमदान किया गया, जिसे धामपुर शुगर मिल के उपाध्यक्ष निष्काम गुप्ता की अध्यक्षता में टीम ने भरपूर उत्साह के साथ किया। इस अवसर पर स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए निष्काम गुप्ता ने पूरे मिल परिसर को स्वच्छ बनाने का संकल्प दोहराया। उन्होंने कहा कि हमें सफाई नियमित रूप से और प्रतिदिन करते रहना है जो हमारे लिए बेस्ट मैटेरियल है उसको फिर से रि-साइकल करके वैल्युएबल गुड्स को तैयार करने के लिए हमें अधिकृत एजेंसी को भेजना है ताकि री-सायकल किया जा सके। अभियान में भाग लेने वालों में मुकेश कश्यप, विवेक सिंह यादव, अरुण चौहान, श्याम सुंदर शर्मा, विनोद राणा शरद गहलौत, स्मृति यादव, अजय पांडेय, कमल सिंह, वीरेंद्र सुपरवाइजर, अनुज मलिक, स्टोर प्रबंधक दिनेश भारती, भुवनेश सिक्योरिटी टीम की ओर से करणवीर सिंह, अशोक कुमार, उज्जवल सिंह, श्रमिकों की ओर से मोहम्मद शफी, रशीद, जावेद, आरिफ, बाबू, राकेश, जयपाल, अमर सिंह, अतुल, पप्पू, राजेश, मनोज आदि उपस्थित रहे। स्वच्छता पखवाड़े का संचालन कारखाना प्रबंधक विजय कुमार गुप्ता ने किया।

# ससुरालियों को नशा देकर जेवरात उड़ाने वाला घरजमाई गिरफ्तार

## 23.5 किलो चांदी और सोना बरामद

**बिजनौर (चिंगारी)।** ससुराल में घर-जमाई बनकर रह रहे लालची दामाद ने ऐसा अपराध किया, जिसने रिश्तों की मर्यादा को शर्मसार कर दिया। पुलिस ने नशीला पदार्थ देकर सास-ससुर और पत्नी को बेहोश कर घर से भारी मात्रा में सोने-चांदी के जेवर चोरी करने वाले दामाद समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब 2.173 किलोग्राम सोने के जेवर, 23.5 किलोग्राम चांदी, नकदी, सोने का बिस्कुट व सिक्का, नशीली गोलियां तथा घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की है।

शनिवार को पुलिस लाइन में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में एएसपी ग्रामीण प्रकाश कुमार ने बताया कि नहटौर निवासी संतोष कुमार वर्मा ने 26 फरवरी को थाना नहटौर में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि उसके दामाद नवीन चौहान ने भोजन में नशीला पदार्थ मिलाकर परिवार को बेहोश कर दिया और घर में रखे करीब 900 ग्राम सोने तथा लगभग 40 किलोग्राम चांदी के जेवरात चोरी कर ले गया। शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई।

जांच के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी अपने साथियों के



साथ क्षेत्र से फरार होने की तैयारी में है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नवीन चौहान को उसके दो साथियों शिवम चौहान और कुनाल के साथ गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में नवीन चौहान ने बताया कि चोरी की गई चांदी को नूरपुर क्षेत्र के एक ज्वैलर के पास गलवाकर सिल्ली बनवा दी गयी थी। पुलिस ने ज्वैलर शिवम को भी गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 23.5 किलोग्राम चांदी बरामद की।

## ससुराल में रहकर ज्वैलरी का काम सीख रहा था

नवीन चौहान ने बताया कि उसका विवाह अक्टूबर 2024 में नहटौर निवासी युवती से हुआ था, वह ससुराल में रहकर ज्वैलरी का काम सीख रहा था। इसी दौरान उसे घर में जेवर रखने की जगह और चाबियों की जानकारी हो गई। इसी लालच में उसने अपने भाई और मित्र के साथ मिलकर चोरी की योजना बनाई। योजना के तहत उसने नशीली गोलियां खरीदकर चाय में मिलाईं और सास, ससुर व पत्नी को पिला दी। जब सभी गहरी नींद में सो गए तो अलमारी से सोने-चांदी के जेवर निकालकर फरार हो गया। अगले दिन आरोपी अपने साथियों के साथ नूरपुर क्षेत्र में ज्वैलर से मिला और चोरी की चांदी करीब 23 लाख रुपये में बेचने का सौदा किया, इसमें उसे नकद रुपये, सोने का बिस्कुट और सिक्का अग्रिम रूप में मिले। पुलिस ने बरामदगी के आधार पर मुकदमे में और धाराएं बढ़ाते हुए सभी आरोपियों का चालान कर दिया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि यह मामला आपसी विश्वास को तोड़ने वाला गंभीर अपराध है। चोरी की गई संपत्ति की बड़ी मात्रा बरामद कर ली गई है।

## रमज़ान अल्लाह की तरफ से भेजा गया खास तोहफ़ा : मुफ्ती मज़ाहिरी

**शेरकोट (चिंगारी)।** जामा मस्जिद के नायब इमाम मुफ़्ती मुहम्मद अमान उर्फ मज़ाहिरी ने रमज़ानुल मुबारक को रहमत, बरकत, सब्र और बख़शिश का महीना बताते हुए कहा कि रमज़ान अल्लाह तआला की तरफ़ से मुसलमानों के लिए भेजा हुआ ख़ास तोहफ़ा है, जो साल में एक बार मेहमान की तरह आता है। मुफ्ती साहब नमाज़ से पहले नमाजियों को खिताब कर रहे थे। उन्होंने कहा



कि इस मुक़द्दस महीने में क़ुरान नाजिल हुआ, जो सबके लिए हिदायत का जरिया है। उन्होंने कहा अल्लाह तआला क़ुरआन करीम में इरशाद फरमाते हैं - 'ऐ ईमान वालों! तुम पर रोज़े फ़र्ज़ किए गए हैं, ताकि तुम्हारे अंदर तक़वा पैदा हो जाए।' उन्होंने कहा इसलिए हमें रमज़ान के पूरे महीने के रोज़े रखने चाहिए और कोशिश करनी चाहिए कि बिना किसी मजबूरी के रमज़ान का एक भी रोज़ा हमसे न छूटे। उन्होंने कहा कि रोज़ा रखकर परहेज़गारी करें और गुनाहों से बचने के साथ-साथ लड़ाई-झगड़ों से दूर रहें, गाली-गलौच, झूठ बोलने और धोखा देने से अपने आपको बचाएं। दूसरों की बुराइयां तलाश करने के बजाय सबके साथ, अपने पड़ोसियों और रिश्तेदारों के साथ भलाई, हमदर्दी और ग़मख़्वारी का मामला करें।

उन्होंने कहा कि रमज़ान को ऐसे गुज़ारे कि सारी ज़िंदगी बुराइयों और ग़लत कामों को छोड़ने और अच्छाई व नेक कामों को करने वाले बनें। भाईचारे को आम करें, नफ़रतों को ख़त्म करें और एक-दूसरे के साथ देने वाले बनें। उन्होंने इस महीने में ग़रीबों की मदद सदक़ा और ख़ैरात से करने का आह्वान किया। नमाज़ के बाद मुल्क में अमन-ओ-अमान, तरक़्क़ी और भाईचारे के लिए ख़ुसूसी दुआ कराई गई।

DHARA MOTOR FINANCE LTD.
Dhara Complex Civil Line Bijnor (UP) Estd. 1990
We are Hiring
Senior Manager
Regional Managers/Area Heads
Expert in credit, recovery and operations (in any)
having at least 5 yeas experience in NBFC
Send your resume to :manager.hr@dharamotor.com
8433405694
CORPORATE OFFICE : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Vasant Kunj New Delhi.

## सहरी व इफ़्तार में खाने-पीने का खास ध्यान रखें रोज़ेदार

**कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)।** रमज़ान बाबरकत महीना होने के साथ-साथ सेहत के हिसाब से भी बहुत अहमियत रखता है, मगर इस महीने में खाने-पीने पर खास ध्यान रखना बेहद जरूरी है, जहां एक तरफ हलाल रिज्क का होना लाजमी है, वहीं खाते-पीते वक्त सुन्नत तरीकों का भी ध्यान रखा जाना जरूरी है। उलेमा फरमाते हैं कि हजरत मोहम्मद मुस्तफा (सल्ल.) सहरी और इफ्तार दोनों वक्तों में व ताअक तादाद (3,5,7 वगैरा) में खजूर खाया करते थे, जो हमारे लिए सुन्नत तरीका होने के साथ-साथ मेडिकल एतबार से भी बहुत मुफ़ीद है। रोजेदारों की सेहत के एतबार से डॉक्टर्स का कहना है कि रोजेदार तली-भुनी चीजों से बचें और फल, ड्राई फ्रूट्स, तरल पदार्थ, हरी सब्जियों, फाइबर व प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थों का ज्यादा इस्तेमाल करें और चाय, काफी ज्यादा तादाद में न लें। डॉक्टर्स का यह भी कहना है कि रोजेदार धूप में निकलने से परहेज करें और हो सके तो आराम ज्यादा करें। रोजेदार फ्रूट्स वगैरह से हल्की-फुल्की इफ्तार कर कुछ वक्त बाद खाना खाएं और इफ्तार के वक्त एक ही बार में ज्यादा व ठंडा पानी न पिएं।

**तली-भुनी चीजों से परहेज करें**

## अनाबिया ने रखा जीवन का पहला रोज़ा

**नूरपुर (चिंगारी)।** नगर के धामपुर चौक स्थित मोहल्ला हजरत नगर निवासी डॉ. यासिर की पांच वर्ष छह माह की पुत्री अनाबिया ने पवित्र रमजान माह का पहला रोजा रखकर परिवार व मोहल्ले में खुशी का माहौल बना दिया। अनाबिया अभी काफी छोटी है और नगर स्थित निदा-ए-आम एकेडमी में नर्सरी की छात्रा है। कम उम्र में रोजा रखने की उसकी इच्छा और उत्साह को देखकर परिजनों ने भी उसे प्रोत्साहित किया। परिवार के सदस्यों ने बताया कि अनाबिया ने पूरे उत्साह के साथ रोजा रखा और नमाज के साथ दुआ भी की। रोजा इफ्तार के समय घर में खास इंतजाम किए गए, जहां परिजनों ने उनकी हौसला अफजाई की।



## BIT में विज्ञान दिवस पर हुआ ज्ञानवर्धक कार्यक्रम

**बिजनौर (चिंगारी)।** विज्ञान दिवस के अवसर पर बीआईटी संस्थान में साइंस क्लब द्वारा एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना, नवाचार की भावना को प्रोत्साहित करना तथा विज्ञान के महत्व को उजागर करना रहा।



इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा विज्ञान एवं तकनीक आधारित रचनात्मक प्रस्तुतियां दी गईं। विशेष रूप से भारत के अंतरिक्ष मिशन चन्द्रयान-3 तथा आधुनिक एआई तकनीक से संबंधित वीडियो एवं प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किए गए। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से छात्रों ने अंतरिक्ष अनुसंधान, रोबोटिक्स, मशीन लर्निंग तथा भविष्य की तकनीकों के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में संस्थान के विभिन्न विभागों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। संस्थान के निदेशक अनुराग विजय अग्रवाल, उपनिदेशक श्री पुष्पनील वर्मा, डीन डॉ. अजय सिंह, जनरल मैनेजर सी.ए. दुष्यंत कुमार एवं डिप्टी रजिस्ट्रार डॉ. आदित्य शर्मा, डॉ. कावेंद्र यादव, एप्लाइड साइंस के विभागाध्यक्ष मोहन कुमार के मार्गदर्शन में कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्रतियोगिता का मूल्यांकन डा. विजया डी., निकुल देशवाल, गौरव कुमार राजपूत, डॉ. सचिन सिंघल एवं श्रीमती अंशिका अग्रवाल द्वारा किया गया। अंत में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

# अगर ईरान ने हिमाक़त की तो ऐसा मज़ा चखाएंगे..

## राष्ट्रपति ट्रंप की नई धमकी, दुबई में कई धमाके

**नई दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** अमेरिका और इजरायल के ईरान पर हमले के बाद पूरा मिडिल ईस्ट जंग जैसे हालात के असर में हैं। तीनों देशों की सेनाएं लामबंद हैं और हमले जारी हैं। ईरान ने यूएस और इजरायल के हमलों का जवाब देते हुए मिडिल ईस्ट के अलग-अलग देशों में स्थित अमेरिकी सैन्य ठिकानों और इजरायल के कई शहरों पर हमले किए हैं, वहीं तमाम तरह के दावों के बाद ईरानी स्टेट मीडिया ने खामेनेई के मारे जाने की पुष्टि की है।



अमेरिका और इज़रायल ने शनिवार को ईरान पर हमले किए, जिससे मिडिल ईस्ट में मिलिट्री टेंशन बढ़ गया, जो कई हफ़्तों से लड़ाई की कगार पर है। इज़रायल ने कहा कि US के नेतृत्व वाले ऑपरेशन ने पहले से हमले किए थे। US प्रेसिडेंट डोनाल्ड ट्रंप ने एक बड़े कॉम्बैट ऑपरेशन की पुष्टि की, क्योंकि ईरान के कई हिस्सों में धमाके सुने गए। ईरान ने जवाबी हमले में करारा जवाब देने का दावा करते हुए इजरायल और मिडिल ईस्ट में स्थित कई अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया है। मिडिल ईस्ट के देशों ने अपने एयरस्पेस बंद कर दिये हैं, जबकि कई देशों ने अपने नागरिकों को एडवाइजरी जारी की है, जिसमें गैर-ज़रूरी मूवमेंट से बचने के लिए कहा गया है। वहीं दूसरी तरफ अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इजरायल ने दावा किया है कि ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई को मारा जा चुका है। इस दावे के बाद ईरानी स्टेट मीडिया ने खामेनेई के मारे जाने की पुष्टि की है। इस युद्ध में ईरान को यमन के हुती विद्रोहियों और लेबनान के हिजबुल्ला का समर्थन मिला है, जबकि इजरायल को अमेरिका का साथ मिल रहा है। ईरान ने कहा है कि वह अपनी रक्षा करेगा और लड़ता रहेगा। वहीं, इजरायली पीएम नेतन्याहू ने अपने बयान में कहा कि अगर अभी ईरान को नहीं रोका गया तो वह अजेय हो जाएगा। मौजूदा वक्त में मिडिल ईस्ट में तनाव अपने चरम पर है। मौजूदा घटनाक्रम ऐसे वक्त हुआ है, जब ईरान और अमेरिका के बीच परमाणु कार्यक्रम को लेकर कूटनीतिक वार्ताओं की चर्चा थी। गुरुवार को जिनेवा में दोनों पक्षों के बीच तीसरे दौर की बातचीत हुई थी और आज नये दौर की बातचीत प्रस्तावित थी, लेकिन इजरायल की सैन्य कार्रवाई ने इस कूटनीतिक प्रक्रिया पर गंभीर सवाल खड़े कर दिये हैं।

## तेल के खजाने पर बैठा ईरान... युद्ध से मच सकती है ग्लोबल खलबली

**ईरान पर इजरायल-अमेरिका के हमले ने ग्लोबल टेंशन बढ़ा दी है। अब तक US-Israel Iran War के अपडेट पर नजर डालें, तो ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत हो चुकी है। हालांकि, खामेनेई की मौत के बाद भी हमले जारी हैं और इससे क्रूड ऑयल सप्लाई को लेकर दुनिया की चिंता बढ़ती जा रही है। इसके पीछे बड़ा कारण ये है कि ईरान तेल के खजाने पर बैठा हुआ है और इसमें व्यवधान चीन समेत कई बड़े देशों में खलबली मचा सकता है। US-Israel Iran War के चलते तेल की कीमतों में तगड़े उछाल का आशंका बढ़ गई है। तमाम रिपोर्ट्स में अगले हफ्ते Crude Oil Price में बड़ी तेजी का अनुमान जाहिर किया जा रहा है। ईरान पर अमेरिका और इजरायल के हमलों के बीच हॉर्मुज ऑफ स्ट्रेट पर जहाजों को रोकने और आगे भी रुकावट जारी रहने ने मिडिल ईस्ट से तेल सप्लाई को लेकर टेंशन बढ़ा दी है।**

## 1200 बम, 200 फाइटर जेट्स, 500 टारगेट...

### अमेरिका-इजरायल ने ऐसे दिया मिशन खामेनेई को अंजाम



इजरायल और अमेरिका ने ईरान के खिलाफ एक बड़ा संयुक्त हमला शुरू किया है। इसे इजरायल की तरफ से ऑपरेशन रोअरिंग लायन और अमेरिका की तरफ से ऑपरेशन एपिक फ्यूरी नाम दिया गया है। यह हमला 28 फरवरी 2026 को सुबह शुरू हुआ, इसमें तेहरान, इस्फहान और शिराज जैसे शहरों में ईरान के मिलिट्री, न्यूक्लियर से जुड़े और सरकारी ठिकानों पर हमले किए गए. इजरायली एयरफोर्स (IAF) के 200 लड़ाकू विमानों ने ईरान के पश्चिमी और मध्य इलाकों में IRGC के मिसाइल ऐरे और एयर डिफेंस सिस्टम पर बड़ा हमला किया। 1200 बम का इस्तेमाल कर 500 से ज्यादा टारगेट्स को निशाना बनाया गया, जिसमें कई जगहों पर एयर डिफेंस और मिसाइल लॉन्चर शामिल थे। सटीक खुफिया जानकारी और बेहतरीन प्लानिंग के साथ सैकड़ों जेट्स को एक साथ इस्तेमाल कर हमला किया गया, जिससे ईरानी हवाई क्षेत्र पर आईएएफ की वायु श्रेष्ठता बढ़ गई। यह हमला ईरान के न्यूक्लियर प्रोग्राम और उसकी बढ़ती धमकी को रोकने के लिए किया गया। ईरान ने बदले में इजरायल पर मिसाइल और ड्रोन हमले किए और बहरीन, कुवैत, कतर में अमेरिकी बेस पर भी हमला किया। अब यह युद्ध सिर्फ दो देशों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि पूरे इलाके में फैल गया है। टोमाहॉक अमेरिकी नेवी की सबसे ताकतवर लंबी दूरी की क्रूज मिसाइल है। यह जहाजों और पनडुब्बियों से लॉन्च की जाती है। यह बहुत कम ऊंचाई पर उड़ती है, सिर्फ 30-50 मीटर की ऊंचाई पर, जिससे रडार और एयर डिफेंस से बचना आसान हो जाता है। इसकी लंबाई लगभग 5.6 मीटर है। वजन 1600 किलो तक, स्पीड 880 किलोमीटर प्रति घंटा।

# शहीद कभी मरता नहीं

## आह! अयातुल्लाह खामेनेई



शहिद कभी मरता नहीं, बल्कि वह हमेशा जिंदा रहता है। रमज़ान में यह पहली शहादत नहीं है, इस मुबारक महीने ने पहले भी कई शहादतें देखी हैं।

रमज़ान में जहां रसूल अल्लाह सल्लल्लाहो वाले वसल्लम के भाई हजरत अली अलैसलाम की शहादत 21 रमज़ान को हुई।

वहीं आज इस परिवार की एक कड़ी सैयद अयातुल्लाह अली हुसैनी खामेनेई साहब की 10 रमज़ान को शहादत से पूरी दुनिया का अमन पसंद इंसान सक्ते में आ गया है।

सैयद अली हुसैनी खामेनेई का जन्म 19 अप्रैल 1939 को हुआ था। उनकी पढ़ाई हवज़ा व कुंम में हुई, जहां वह रूहुल्ला खुमैनी की कक्षाओं में भी हिस्सा लिया करते थे।

सैयद अली खामेनेई ईरान की 1979 की इस्लामिक क्रांति में भी सक्रिय रहे।

वह शाह पहलवी के तख्ता पलट के बाद सुर्खियों में आए। जबसे ही खामेनेई साहब को जान से मारने की धमकियां लगातार इजरायल की तरफ से मिल रही थीं। सैयद अली खामेनेई ईरान के तीसरे राष्ट्रपति सन् 1981 से 1989 तक रहे।

इसके साथ ही आप आईआरजीसी से भी सक्रिय तरीके से जुड़े रहे, परंतु इमाम रहुल्ला खुमैनी की 1989 में मौत के बाद आपको ईरान का सर्वोच्च नेता चुन लिया गया।

सर्वोच्च नेता के रूप में सैयद अली खामेनेई ने ईरान के न्यूक्लियर प्रोग्राम को आगे बढ़ाया और मिसाइल एवं ड्रोन के मामले में ईरान को आत्मनिर्भर बनाया, साथ ही यह संदेश भी दुनिया को दिया कि अल्लाह के आगे जो सर झुकाता है, वह दुनिया में किसी के आगे सर नहीं झुकता है।

यही वजह है कि पिछली बार इसराइल के साथ हुए युद्ध में वह विश्व प्रिय नेता बन गए और अमेरिका और इजरायल की आंखों में खटकने लगे।

विगत महीने से अमेरिका ने इजरायल के इशारे पर ईरान को घेरना शुरु कर दिया और 10 रमज़ान को इंसाफ के हक में आवाज उठाने वाले इंसान की आवाज शांत कर दी गई। यह दिन था सैयद अली हुसैनी खामेनेई की शहादत का यानी 28 फरवरी 2026,10 रमजान। लेकिन दुनिया को यह याद रखना होगा कि इमाम हुसैन अलैसलाम की शहादत जैसे आज तक याद की जाती है, इस तरह इस खानदान के एक सदस्य सैयद अली खामेनेई की शहादत भी यूं ही बेकार नहीं जाएगी और आने वाले समय में दुनिया को पता चल जाएगा कि हुसैनी खून यूं ही बेकार नहीं जाता।



**-अफजाल अब्बास ज़ैदी**
**वरिष्ठ पत्रकार, बिजनौर**

## ईरान-इजराइल जंग से भारत की 50% तेल सप्लाई पर संकट



**नई दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** ईरान और इजराइल के बीच शुरू हुई जंग का असर भारत के तेल, व्यापार, शेयर बाजार और सोना-चांदी की कीमतों पर दिख सकता है। अगर दोनों देशों के बीच युद्ध और बढ़ता है, तो होर्मुज स्ट्रेट बंद हो सकता है। इससे भारत को हर महीने होने वाली तेल सप्लाई का आधा हिस्सा खतरे में पड़ जाएगा। इसके अलावा भारत का नॉन-ऑयल एक्सपोर्ट भी प्रभावित हो सकता है। इसका 10 प्रतिशत से ज्यादा हिस्सा इस क्षेत्र से सप्लाई होता है। विशेषज्ञों का मानना है कि जंग बढ़ने से कच्चे तेल (क्रूड ऑयल) की कीमतें तेजी से बढ़ सकती हैं। तेल महंगा होने से महंगाई बढ़ती है और इसका असर शेयर बाजार पर भी पड़ेगा। ऐसे हालात में बाजार में बड़ी बिकवाली और गिरावट देखने को मिल सकती है। दूसरी तरफ, जब दुनिया में तनाव बढ़ता है तो निवेशक सुरक्षित विकल्प की ओर जाते हैं। ऐसे समय में लोग सोना और चांदी खरीदना पसंद करते हैं। इसलिए इनकी कीमतों में बढ़ोतरी होने की संभावना है।

## भारत में खामेनेई की हत्या के खिलाफ प्रोटेस्ट




**श्रीनगर में कश्मीरी शिया मुसलमानों ने ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या के खिलाफ लाल चौक पर प्रदर्शन किया। अयातुल्ला खामेनेई इजरायल और US के हमलों में मारे गए थे। कश्मीर में इन प्रदर्शनों के पीछे गहरी धार्मिक और राजनीतिक वजहें हैं। अयातुल्ला अली खामेनेई को कश्मीर में एक इस्लामी क्रांतिकारी और फिलिस्तीन समर्थक नेता के रूप में देखा जाता है। ईरान का कश्मीर मुद्दे पर लंबे समय से समर्थन रहा है, ख़ासतौर से शिया समुदाय और ईरान समर्थक समूहों के बीच उनकी लोकप्रियता बहुत अधिक रही। उन्हें इस्लामी एकजुटता और शिया मुस्लिम समुदाय का प्रतीक माना जाता है।**

## दुबई एयरपोर्ट पर ड्रोन अटैक, बुर्ज खलीफ़ा के पास धमाका

### यहां फंसी इंडियन शटलर सिंधु बोलीं- मेरे पास धमाका हुआ

अमेरिका-इजराइल का ईरान पर आज लगातार दूसरे दिन हमला जारी है। आज सुबह ईरान के सुप्रीम लीडर खामेनेई की मौत की पुष्टि भी हुई। जंग के बीच मिडिल ईस्ट में हालात तेजी से बिगड़ गए हैं। एयरस्पेस बंद होने का असर दुबई से लेकर भारत तक दिखाई दे रहा है। दुबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर ईरानी ड्रोन टकराया है। घटना में 4 लोग घायल हुए हैं। एक दिन पहले बुर्ज खलीफा के पास भी ब्लास्ट हुआ। इसका वीडियो भी सामने आया है। भारतीय बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु दुबई में फंसी हुई हैं। उन्होंने X पोस्ट में लिखा- यहां हर घंटे हालात और डरावने होते जा रहे हैं। एयरपोर्ट पर जहां हम ठहरे थे, उसके करीब विस्फोट हुआ, हम वहां से भागे। सिंधु के अलावा एक्ट्रेस सोनल चौहान भी दुबई में हैं। उन्होंने X पोस्ट में पीएम मोदी से मदद मांगी है। इधर, दिल्ली में इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर 20 घंटे से यात्री अपनी फ्लाइट का इंतजार कर रहे हैं। दिल्ली और मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर यात्रियों ने रात गुजारी। दिल्ली में सिविल एविएशन मिनिस्ट्री ने दिल्ली में यात्रियों की मदद के लिए 24*7 कॉल सेंटर एक्टिव किया है। जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर और उत्तर प्रदेश के लखनऊ में खामेनेई की मौत पर विरोध प्रदर्शन हो रहा है।



## महीनों का इंतज़ार, सटीक इंटेल...

### खामेनेई पर तब किया हमला, जब एक साथ बैठे थे सारे बड़े नेता

ईरान पर इजरायल-अमेरिका का हमला कोई सामान्य बमबारी नहीं थी। उन्होंने महीनों तक इंतजार किया। हजारों घंटे की जासूसी और सिग्नल इंटरसेप्ट किया। सिर्फ एक चीज का इंतजार था- जब ईरान का सुप्रीम लीडर खामेनेई, राष्ट्रपति पेजेश्कियन और सारे सीनियर मिलिट्री कमांडर एक ही जगह एक ही कमरे में बैठे हों, 28 फरवरी 2026 को वह पल आ गया। स्थानीय समयानुसार 8:15 बजे सुबह स्ट्राइक, वो भी दिन की रोशनी में। पहले इजरायल ने ईरान पर सारे हमले रात में किए थे, जून 2025 में अंधेरे में। अक्टूबर 2024 में आधी रात के बाद। ईरान ने सोचा भी नहीं था कि इस बार हमला दिन में होगा। ईरान की पूरी एयर डिफेंस व्यवस्था इस बात पर टिकी थी कि इजरायल रात में ही हमला करेगा, लेकिन इस बार इजरायल ने दिन के उजाले में हमला किया, क्योंकि निशाना इंफ्रास्ट्रक्चर नहीं था, निशाना था एक मीटिंग। हमले में खामेनेई और पेजेश्कियन को निशाना बनाया गया। अमेरिका और इजरायल ने कई महीनों से साथ मिलकर प्लानिंग की थी। इजरायल के अधिकारियों ने कहा कि हमला ठीक उसी जगह पर हुआ, जहां ईरान के सबसे बड़े नेता इकट्ठे हुए थे। इसका मतलब तेहरान में अंदरखाने कोई ऐसा है जिसने इजरायल-अमेरिका को सटीक सूचना दी। इजरायल ओवदा एयरबेस पर F-22 लड़ाकू विमान, बेन गुरियन पर टैंकर, अल उदेद बेस खाली, 270 ट्रांसपोर्ट फ्लाइट्स — सब कुछ एक ही चीज के लिए था।




**खामेनेई के घर पर हुए हमले की सैटेलाइट फोटो। हमले के बाद घर मलबे में तब्दील हुआ नजर आ रहा है।**

## लखनऊ में तीन दिन के शोक की अपील

आयतुल्ला अली ख़ामेनई की मौत के बाद लखनऊ में शिया समुदाय ने तीन दिन के शोक का ऐलान किया है। मौलाना कल्बे जवाद ने इस संबंध में अपील जारी की है। शहर के दुकानदारों और व्यापारियों से प्रतिष्ठान बंद रखने को कहा गया है। सभी घरों और इमामबाड़ों पर काले परचम लगाए जाएंगे। आज रात 8 बजे छोटा इमामबाड़ा में एक शोकसभा आयोजित की जाएगी, जिसके बाद कैंडल मार्च निकाला जाएगा। यह शोक पूरे मुल्क में एक साथ आयोजित करने की अपील की गई है और इंसानियत पसंद लोगों को इसमें शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है।

### खामेनेई की मौत के बाद दिल्ली स्थित एंबेसी झुकाया झंडा

ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद दिल्ली में ईरानी एंबेसी ने अपना झंडा आधा झुका दिया है।


खुल गया! खुल गया!

श्री लाइट

सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।



पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर

बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट

Fybros Fans,
Havells Fans
Orient Fans




सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज

नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर

मो. 9897024836, 8800092476








Gents Specialist

Suit | Sherwani | Pant Shirt | Fancy Coat | Ladies Coat

CLASSIC TAILORS

9927060150

CLASSIC SHOES

CLASSIC Shoes

M: 9897041426

NIKE | PUMA | SKECHERS | WOODLAND | RED CHIEF | Lee Cooper | campus

Add.: Chahshireen Road, Bijnor

# बिना अनुमति प्रतिमा लगा रहे लोगों ने की धक्का-मुक्की

## कई लोग हिरासत में





**नहटौर ( चिंगारी )।** ग्राम अमीनाबाद में बिना अनुमति लगाई डॉ. बीआर आंबेडकर की प्रतिमा को हटाने गई पुलिस और प्रशासन की टीम के साथ ग्रामीणों द्वारा काफी धक्का-मुक्की की गई। पुलिस ने दर्जन भर ग्रामीणों को हिरासत में ले लिया तथा 19 नामजद सहित 59 लोगों के खिलाफ करते हुए रिपोर्ट दर्ज की है। शुक्रवार की रात्रि को ग्राम अमीनाबाद में स्थित खलियान की भूमि में बिना अनुमति के दलित समाज के लोगों द्वारा भारत रत्न डा. बीआर अंबेडकर की प्रतिमा लगा दी। शनिवार को सूचना मिलने पर मौके पर तहसीलदार धनराज सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय कुमार पांडे, नायब तहसीलदार राजकमल आदि मौके पर पहुंचे। राजस्व व पुलिस टीम द्वारा प्रतिमा हटाने के दलित समाज के लोगों ने पुरजोर विरोध किया। प्रशासनिक अधिकारियों ने उन्हें समझाया कि अनुमति लेकर प्रतिमा को स्थापित किया जाये। आरोप है कि मौजूद लोगों ने प्रशासनिक अधिकारियों से ही अभद्रता करने लगे। पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए प्रतिमा को हटाकर दर्जन से अधिक महिला एवं पुरुषों को हिरासत में ले लिया और थाने ले आई। राजस्व लेखपाल रीना की तहरीर पर पुलिस ने 19 लोगों को नामजद व 50 अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। राजस्व लेखपाल का आरोप है कि गाटा संख्या 40 जो खलियान में दर्ज है, जिसके आंशिक भाग पर लोगों द्वारा प्रतिमा लगाकर अवैध अतिक्रमण किया जा रहा था, साथ ही प्रतिमा ससम्मान हटाए जाने के दौरान उक्त लोगों द्वारा सरकारी कार्य में बाधा डालते हुए गांव की शांति भंग करने का कार्य किया गया।

# रासेयो शिविर का रंगारंग समापन

**हल्दौर ( चिंगारी )।** गहलौत कॉलेज हल्दौर द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन समारोह मनाया गया। अंतिम दिन बचत दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ कॉलेज प्राचार्या डा. पंकज सिंह, कार्यक्रम अधिकारी डा. मनोज कुमार एवं सभी स्वयंसेवक/स्वयं सेविकाओं ने सयुंक्त रूप से भारत माता और सरस्वती माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डा. मनोज कुमार ने बचत के बारे में सभी स्वयंसेवियों की जानकारी प्रदान की और कहा बचत हमारे आने वाले भविष्य के लिए बहुत जरूरी है, क्योंकि बचत के इस मानव अपने जीवन को शन्ति के साथ जी सकता है। कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेवक/स्वयंसेविकाओं ने लक्ष्यगीत एंव सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। कॉलेज प्राचार्या डा. पंकज सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि एक व्यक्ति की बचत यदि वह डाकखाने, बैंक, कम्पनियों आदि में लगी हुई है तो इसका मतलब है कि आप राष्ट्रीय सेवा के कार्यों में अपना योगदान दे रहे है। क्योंकि आपकी जमा पूंजी से नया विकास हो रहा है। इस प्रकार अपना धन तो बढ़ेगा साथ ही साथ समाज और देश की अर्थ व्यवस्था भी सुधरेगी। इस अवसर पर स्वयंसेवक/स्वयं सेविकाओं ने घर-घर जाकर बचत से होने वाले लाभ के बारें में जानकारी दी और बचत पर सभी स्वयंसेवक/स्वयं सेविकाओं ने लघु नाटिका भी प्रस्तुत की। कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्यालय प्रभारी कपिल चौहान, डा. विजयवीर सिंह, सुरेन्द्र सिंह, शिवानी राजपूत, अजय कुमार, जावेद अहमद आदि का सहयोग रहा।

# होली उत्सव हर्षोल्लास से मनाया, बच्चों ने एक दूसरे को रंग लगाया



**हल्दौर ( चिंगारी )।** जी.एस.एन. इंटरनेशनल एकेडमी हल्दौर में शनिवार को होली उत्सव बड़े हर्षोल्लास वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय प्रांगण रंगों और मुस्कान से सराबोर दिखाई दिया। बच्चों ने एक-दूसरे को रंग लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और आपसी प्रेम, सौहार्द एवं भाईचारे का संदेश दिया। इस अवसर पर प्रवक्ता विकास पंकज ने बच्चों को होली पर्व के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि होली केवल रंगों का त्यौहार नहीं, बल्कि यह बुराई पर अच्छाई की जीत, आपसी भेदभाव मिटाने और प्रेम व सद्भाव बढ़ाने का पर्व है। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक रघुराज सिंह नागर ने बताया कि ऐसे सांस्कृतिक व पारंपरिक पर्व बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी ने एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं और खुशहाल एवं सुरक्षित होली मनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर अर्जुन सिंह, ललित शर्मा, राकेश कुमार, विक्रांत कुमार, अरुण डबास, विशाल चाहल, अपूर्व चौहान, जितेंद्र सिंह, अभिनव चौधरी, निशा राजपूत, नमिता रस्तौगी, स्वाति पाराशर, रंजना, मानसी, महिमा, प्रियंका, गीता, वर्षा नंदवंशी आदि शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# पूरी निष्ठा से समाजवादी पार्टी की सेवा करूंगी - लक्ष्मी अग्रवाल



**बिजनौर ( चिंगारी )।** सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव की मौजूदगी में लखनऊ स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय में एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बिजनौर की वार्ड-29 की सभासद लक्ष्मी अग्रवाल ने समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर मुरादाबाद सांसद रुचि वीरा के नेतृत्व में उनका पार्टी में स्वागत किया गया। वार्ड-29 मोहल्ला बाजार शंभा, निकट पुरानी तहसील बिजनौर की सभासद लक्ष्मी अग्रवाल के सपा में शामिल होने से पार्टी संगठन को स्थानीय स्तर पर मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। कार्यक्रम के दौरान अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा जनहित, सामाजिक न्याय और विकास की राजनीति करती रही है और नए साथियों के जुड़ने से पार्टी का कारवां लगातार आगे बढ़ रहा है। लक्ष्मी अग्रवाल ने कहा कि वह समाजवादी विचारधारा से प्रभावित होकर पार्टी में शामिल हुई हैं और क्षेत्र की जनता की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगी।

# सेवानिवृत्ति पर भावभीनी विदाई दी

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** पुलिस विभाग में 41 साल सेवाएं प्रदान कर शनिवार को सेवानिवृत हुए वर्तमान में थाना रेहड़ में तैनात उपनिरीक्षक बलवीर सिंह को भावभीनी विदाई दी गई। रेहड़ क्षेत्र के बादीगढ़ चौराहा स्थित एक बैंक्ट हॉल में आयोजित विदाई समारोह में उपस्थित पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों एवं क्षेत्र के अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने बलवीर सिंह के व्यवहार एवं कार्य कुशलता की प्रशंसा की और उनका माल्यार्पण कर स्वागत करते हुए उन्हें शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। समारोह में सीओ अफजलगढ़ आलोक कुमार सिंह, एसओ अफजलगढ़ विजेंद्र सिंह राठी, सीओ पेशकार विनोद कुमार, थाना रेहड़ के उप निरीक्षकों भीम सिंह, राघवेंद्र सिंह, यशपाल सिंह, सोनू कुमार, धर्मेंद्र कुमार शर्मा, रहीशपाल सिंह व अनेक पुलिसकर्मियों सहित किसान नेता शैलेंद्र चौहान, भाजपा नेता डॉ. आरके गोला, प्रधान संघ के पूर्व ब्लाक अध्यक्ष पूरन सिंह, आदर्श प्रेस क्लब अफजलगढ़ के अध्यक्ष एस.एम. असलम, महासचिव सुभाष तोमर, कामिल खान, रमेश सिंह शेखावत, भूपेंद्र शर्मा, प्रधान अमरीक सिंह आदि उपस्थित रहे।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

# होली है! सांस्कृतिक कार्यक्रम से समां बांधा



**हल्दौर ( चिंगारी )।** नगर में श्री राधा कृष्णा सामाजिक विकास सोसाइटी के तत्वावधान में चल रहे रंग एकादशी महोत्सव के दूसरे दिन लाला जमुनादास की धर्मशाला पोखर बाजार में विशाल सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना के साथ किया गया।

कार्यक्रम में बाहर से आए कलाकारों में वैष्णवी कला मंच मुरादाबाद कलाकार राहुल भी शामिल रहे, जो कि टीवी रियल्टी शो इंडिया के मस्त कलंदर और इंडियाज टेलेंट शो के विजेता रहे हैं। कार्यक्रम में सरस्वती वंदना, भगवान विष्णु के बारह अवतार जिसमें नरसिंहावतार में हिर्नाकश्यप वध दिखाकर सभी का मन मोह लिया। भगवान राम-लक्ष्मण एवं सीता के साथ केवट संवाद की झांकी प्रस्तुत की। माता वैष्णो देवी की पूरी कहानी बहुत सुंदर नाटिका के रूप में प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को बांधे रखा, भगवान कृष्ण का राधा रानी एवं गोपियों के साथ रास एवं फूलों की होली की बहुत सुंदर झांकी प्रस्तुत की, जिसमें सभी झूमने पर मजबूर हो गए, कार्यक्रम के अंत में भगवान शिव की बारात का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आए मुख्य अतिथि विश्व हिंदू परिषद के विभाग संयोजक मेरठ जितेंद्र चौधरी को कमेटी के द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में संरक्षक संदीप शर्मा, अध्यक्ष शगुन चौहान, निदेशक केके चंद्रा, पंकज चौहान, हरीश शर्मा, पुनीत शर्मा, ललित चौहान, अनूप अग्रवाल, अशोक चौहान, संजय वशिष्ठ, डॉ. नवदीप दुबे, आकाश चंद्रा, अतुल अग्रवाल व बिजेन्द्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

# रंग एकादशी के जुलूस में बिखरे एकता और सद्भाव के रंग

बिजनौर (चिंगारी)। रंगों का पर्व नजदीक आते ही माहौल फागुनी हो गया है। स्कूल कॉलेजों सहित अनेक संस्थाओं व क्लबों द्वारा होली उत्सव आयोजित किये जा रहे हैं। रंग की एकादशी के साथ ही होली महोत्सव शुरू हो जाता है। बिजनौर में श्री रामलीला सेवा समिति द्वारा निकाले गये रंग एकादशी के जुलूस में शांति, सौहार्द और एकता के रंग बिखरे। जुलूस का शुभारंभ पालिका अध्यक्ष श्रीमती इन्दिरा सिंह एवं वरिष्ठ भाजपा नेता ऐश्वर्य मौसम चौधरी द्वारा किया गया। जुलूस में हुलियारे होली की मस्ती में गुलाल, अबीर उड़ाते हुये चल रहे थे। बैंड पर होली गीतों की धुन माहौल पूरी तरह होलीमय हो गया। जुलूस में गीले रंग का प्रयोग नहीं किया गया, जिसके लिये लोगों ने रामलीला समिति की सराहना की। जुलूस का नेतृत्व समिति के मुख्य संरक्षक संजय गुप्ता, एसके बबली एड., अध्यक्ष अचल अग्रवाल, महामंत्री राहुल शर्मा, भवन मंत्री प्रदीप कौशिक बंटी, कोषाध्यक्ष राहुल गुप्ता के अलावा विनय अग्रवाल, अजय अग्रवाल एड., कपिल चौधरी, सुमित सिंघल, राजेंद्र गौतम, वरुण अग्रवाल, संदीप चौधरी, विनीत अग्रवाल लालू, चिराग, वैभव, रचित आदि ने किया।





## चाचा नेहरु विद्या मंदिर में मनाया गया होली पर्व

बिजनौर (चिंगारी)। चाचा नेहरु बाल विद्या मंदिर साहनपुर में होली उत्सव धूमधाम से मनाया गया। बच्चों ने जमकर होली खेली और होली के गीतों पर नृत्य किया। स्कूल के निदेशक सुनील भारद्वाज तथा शिक्षकों ने होली के महत्व पर प्रकाश डाला। रूपा सिंह, शिखा रानी, वैशाली, सोफिया, अक्षिता रानी आदि शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

## डॉ. उषा त्यागी की कहानी का प्रसारण आज शाम



बिजनौर (चिंगारी)। वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. उषा त्यागी की कहानी परकोटे में उगा पीपल का प्रसारण आज एक मार्च को सायं 6:45 बजे आकाशवाणी के नजीबाबाद केंद्र से किया जायेगा।

## आकाशवाणी के डायरेक्टर शोभित शर्मा को सम्मानित किया गया

### माता दर्शन कौर स्मृति सम्मान समारोह आयोजित



नजीबाबाद (चिंगारी)। युगांतर सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था के बैनर तले जितेंद्र कक्कड़ के निवास पर माता दर्शन कौर स्मृति सम्मान समारोह संपन्न हुआ। केसी मठपाल की अध्यक्षता एवं श्याम प्रकाश तिवारी के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में सरदार त्रिलोचन सिंह सोबती एवं आकाशवाणी के डायरेक्टर शोभित शर्मा का शॉल ओढ़ाकर, प्रतीक चिन्ह व स्मृति सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर केसी मठपाल ने कहा कि मां की महिमा पर विचार रखे। कार्यक्रम में संस्था के उपाध्यक्ष अशोक अग्रवाल, संस्थापक सदस्य श्याम तिवारी, आरती तिवारी, कवि जसवंत सिंह, आलोक त्यागी, कवि कर्मवीर की कुंडलियां की जितेंद्र कक्कड़ ने समीक्षा की। अशोक अग्रवाल ने समीक्षा की पढ़कर कर्मवीर की बधाई दी। रविंदर, प्रमिला गुप्ता, राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, बिजनौर से संजीव एकल, विकास अग्रवाल, मनोरंजन शर्मा, आरिफ गांधी, नरेंद्र शिखर, धामपुर से नरेंद्र जीत अनाम, डॉ. अनिल शर्मा अनिल, सुरेंद्र जेटली, भगीरथ सिंह, सतेंद्र गुप्ता, इंदू गुप्ता, उमापति गर्ग, विजय कुमार माहेश्वरी एड., सत्यप्रकाश मित्तल, मनमोहन सिंह, गुरमीत धवन, मदन गोपाल टांक, आरएस तेवतिया, ज्योति, मृदुला त्यागी, कुलबीर कौर, तेजप्रीत कक्कड़, इस्मीत कौर, जपना कौर, आशुतोष अरुण जायसवाल, रमेश वर्मा, सुमन वर्मा, डॉ. जौहर, डॉ. अश्वनी सक्सेना, संतोष जैन, सुनीता जैन, जितेंद्र जैन, रवि शास्त्री, प्रो हरविंदर सिंह, डॉ. अरुण जायसवाल, प्रमोद धीमान, बेगराज यादव, बब्बन अली जैदी आदि ने साहित्य पर विचार रखे। जितेंद्र कक्कड़ परिवार ने सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया।

## सन शाइन पब्लिक स्कूल में होली का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया



नजीबाबाद (चिंगारी)। सन शाइन पब्लिक स्कूल में होली का पर्व बड़ी उमंग व उत्साह के साथ मनाया गया। सभी बच्चों व शिक्षकों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली के पर्व की शुभकामनाएं दीं। कक्षा नर्सरी, एलकेजी, यूकेजी के बच्चों ने विभिन्न तरह के विंड चाइम बनाकर पर्व की खुशियों में चार-चाँद लगा दिए। विद्यालय के प्रबंधक विनोद मित्तल व प्रधानाचार्य आलोक अग्रवाल ने सभी को होली की शुभकामनाएं देते हुए पर्व की महत्ता के बारे में भी बताया। होली बुराई पर अच्छाई, असत्य पर सत्य व निराशा पर आशा की विजय का प्रतीक है। सभी को इस पर्व की महत्ता को समझते हुए आपसी प्रेम व भाईचारे को अपनाना चाहिए। सभी बच्चों को त्यौहार की उमंग के साथ अपनी पढ़ाई पर भी ध्यान देना चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त स्टॉफ प्रमोद, आयुष, अर्जुन, मनीष, अनु, नीलम, निधि, माधवी, पिंकी, सरिता, सुरभि, हेमा, गुनगुन, रिया, खुशबू, काशिफा, हुमैरा, तरू आदि ने रंगारंग पर्व की उमंगता को बढ़ा दिया।

# परीक्षा से पूर्व मेला आयोजन, मस्तिष्क को रिफ्रेश करने का एक साधनः एसडीएम

## नार्थ इंडिया में कार्निवाल 2026 का आयोजन

नजीबाबाद (चिंगारी)। नॉर्थ इंडिया ग्रुप का कॉलेजेस में सामाजिक सद्भाव एवं युवा वर्ग की सृजन क्षमता को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न विभागों ने एकजुट होकर मेला कार्निवाल 2026 का आयोजन किया। मेले में तरह-तरह के क्रियाकलाप जैसे मनोरंजक खेल, विभिन्न प्रकार की दुकाने तथा गृह विज्ञान विभाग द्वारा उपयोगी वस्तुओं की प्रदर्शनी आदि शिक्षाप्रद कार्यक्रमों का प्रदर्शन किया गया। मेले का उद्घाटन मुख्य अतिथि एसडीएम नजीबाबाद शैलेन्द्र सिंह द्वारा किया गया। इस मौके पर उन्होंने अपने संक्षिप्त शब्दों में कहा कि महाविद्यालय का सुनियोजित सामूहिक प्रयास प्रशंसनीय है तथा नॉर्थ इंडिया कॉलेज के समस्त शिक्षक स्टाफ एवं छात्र बधाई के पात्र हैं। उन्होंने छात्र-छात्राओं की परीक्षा से पूर्व मेला आयोजन मस्तिष्क को रिफ्रेश करने का एक साधन बताया तथा अच्छे परीक्षाफल की कामना की। प्रबंध निदेशक इंजीनियर अवनीश अग्रवाल ने मुख्य अतिथि को हार्दिक धन्यवाद दिया। मेले के मुख्य आकर्षण होम साइंस विभाग द्वारा आयोजित प्रदर्शनी आकर्षक खेल स्टॉल, संगीत प्रदर्शनी तथा अति स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टॉल रहे। मेला समापन के अवसर पर लकी ड्रा सीओ नितेश प्रताप सिंह ने निकाला। भाग्यशाली प्रथम पुरस्कार एलईडी टेलीविजन निखिल भास्कर एलएलबी, द्वितीय पुरस्कार माइक्रोवेव ओवन मंशा नाज बीए एलएलबी की छात्रा को, तृतीय पुरस्कार ट्राली बैग इरम परवीन बीसीए की छात्रा तथा चतुर्थ पुरस्कार किचन सेट आरती बीसीए द्वितीय वर्ष की छात्रा को मिला। कार्यक्रम संचालन जसवंत सिंह द्वारा किया गया। संस्था के प्रबंध निदेशक इंजीनियर अवनीश अग्रवाल, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर अभिनव अग्रवाल, प्राचार्या डॉ. शिवानी चौहान तथा सभी विभागों के विभागाध्यक्षों ने मेले की सफलता के लिए पूरे स्टाफ के सहयोग की भूरि-भूरि प्रशंसा की। प्रबंध निदेशक इंजी. अवनीश अग्रवाल ने कहा कि कोई भी कार्य तभी सफल होता है, जब पूर्ण स्टाफ एक श्रृंखला के रूप में कार्य करता है। उन्होंने कहा कि भले ही जिंदगी एडवांस हो गई हो पर कुछ चीज व यादें कभी नहीं बदलती जिसमे से एक है मेला आयोजन है।



मेले का फीता काटकर शुभारंभ करते एसडीएम शैलेंद्र कुमार।



## बीआईटी में हुई स्वचलित मौसम केन्द्र की स्थापना

# मिलेगी मौसम की सटीक जानकारी

**बिजनौर (चिंगारी)।** भारत में सटीक मौसम पूर्वानुमान की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए भगवंत ग्रुप के बी.आई.टी. संस्थान ने पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय भारत सरकार के अंतर्गत आने वाले प्रमुख वैज्ञानिक संस्थान भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान (आई.आई.टी.एम.) पुणे के साथ एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एम.ओ.यू.) पर हस्ताक्षर किए हैं। समझौता ज्ञापन पर आई.आई.टी.एम. पुणे, भारत सरकार की ओर से वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. शिवसाई अजित दीक्षित और डॉ. थारा प्रभाकरन तथा बी.आई.टी. की ओर से संस्थान के निदेशक डॉ. अनुराग विजय अग्रवाल ने हस्ताक्षर किये। इस सहयोग के तहत बी.आई.टी. के तकनीकी परिसर में एक अत्याधुनिक 3डी-प्रिंटेड स्वचालित मौसम केंद्र स्थापित किया गया।

इस अवसर पर बी.आई.टी. के चेयरमैन डॉ. अनिल सिंह ने बताया कि इस केंद्र के मार्च महीने में पूरी तरह से कार्यशील होने की उम्मीद है, जिसके बाद बी.आई.टी. संस्थान सीधे तौर पर भारत के मौसम निगरानी नेटवर्क का हिस्सा बन जाएगा। उन्होंने कहा कि यह पहल भारत सरकार के 'मिशन मौसम' के अंतर्गत की जा रही है, जिसका उद्देश्य देश की मौसम पूर्वानुमान क्षमताओं को आधुनिक बनाना है। आई.आई.टी.एम. पुणे द्वारा विकसित यह 3डी-प्रिंटेड तकनीक भारत के मेक इन इंडिया अभियान को बढ़ावा देते हुए कम लागत वाली, लेकिन अत्यधिक सटीक मौसम निगरानी मशीनें प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि बी.आई.टी. सदैव नवाचार, तकनीक एवं समाज हित के लिए नये कदम बढ़ाता रहा है। स्वचालित मौसम केंद्र की स्थापना इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। आई.आई.टी.एम. के वरिष्ठ वैज्ञानिकों ने संस्थान की प्रयोगशालाओं एवं सुविधाओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह सुविधाजनक और तकनीकी रूप से उन्नत मौसम केंद्र क्षेत्र के निवासियों, किसानों, शोधकर्ताओं और विद्यार्थियों के लिए अत्यंत लाभदायक सिद्ध होगा। इस केंद्र के माध्यम से तापमान, आर्द्रता, वर्षा, वायु गुणवत्ता, हवा की दिशा, गति और अन्य महत्वपूर्ण मौसमीय आंकड़े स्वचालित रूप से दर्ज और विश्लेषित किए जाएंगे। इससे क्षेत्र में सटीक मौसम पूर्वानुमान, प्राकृतिक आपदाओं की चेतावनी, कृषि योजना और वैज्ञानिक शोध को नई मजबूती मिलेगी।

### हमारे लिये गर्व का क्षण - डा. अनुराग

*बी.आई.टी. निदेशक डॉ. अनुराग विजय अग्रवाल ने इस साझेदारी पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि यह हमारे लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने कहा कि अत्याधुनिक मौसम केंद्र न केवल स्थानीय निवासियों और किसानों के लिए उपयोगी सिद्ध होगा, बल्कि बी.आई.टी. परिसर में इस केंद्र की स्थापना से इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों के लिए शोध, अध्ययन एवं अनुसंधान के अनेक अवसर उपलब्ध होंगे। विद्यार्थियों को शोध परियोजनाओं, मिनी-मेजर प्रोजेक्ट्स और इंटर्नशिप में राष्ट्रीय वैज्ञानिक संस्थान के साथ सीधे काम करने का अवसर भी प्राप्त होगा। इंजीनियरिंग छात्रों के लिए यह एक 'लाइव लर्निंग लेबोरेटरी' की तरह होगा। इस अवसर पर उपनिदेशक डॉ. पुष्पनील वर्मा, दुष्यंत कुमार, आदित्य शर्मा, अजय सिंह की उपस्थिति रही।*

## संघे शक्ति कलयुगे

नज़रिया अपना-अपना

संगठन एक सेवा है, संगठन में शक्ति है, संगठन अपने सदस्यों को ताकत देता है। संगठन से सदस्यों में शक्ति का संचार होता है। संगठन के माध्यम से उनके काम आसान होते हैं। इंस्पेक्टर राज और संस्थागत उत्पीड़न से मुक्ति मिलती है। भ्रष्टाचार से मुक्ति का साधन है संगठन। आपसी गलाकाट और स्तरहीन प्रतिस्पर्धा, आपसी विवाद निपटाने और नियम कानून के दायरे, व्यवसाय करने का दबाव बनाता है संगठन।

किसी को भी संगठन की गतिविधियों को आय का साधन बनाने का अधिकार नहीं है। यदि कोई पदाधिकारी ऐसा करता है तो महापाप करता है। ऐसे व्यक्ति को संगठन में बने रहने का कोई अधिकार नहीं है। ऐसे व्यक्ति को संगठन से बाहर करने की ताकत भी संगठन में निहित होती है। आजकल देखने में आ रहा है कि मामूली मनमुटाव होते ही या अपना औहदा, रूतबा बढ़ाने के चक्कर में लोग संगठन से अलग होकर अपना नया संगठन बनाने का प्रयास करते हैं। व्यापार मंडलों में भी यही हाल है और कैमिस्ट एसोसिएशनों में भी। हालांकि इसमें कोई बुराई नहीं है, किसी को भी अपना संगठन बनाने और काम करने का अधिकार संविधान हमें देता है, मगर भ्रष्टाचार विरोधी धार कुंद होती है, संगठन शक्ति कमजोर होती है। अधिकारी और समाज दोनों ही गुटों में बंटे संगठनों को गम्भीरता से नहीं लेते हैं, महत्व नहीं देते हैं। हालांकि ऐसी कोई स्थिति तभी आती है, जब संगठन के जिम्मेदार व्यक्ति संगठन को अपनी जागीर समझने लगते हैं। मेरा सभी व्यापारिक संगठनों से निवेदन है कि सम्भव हो तो समान विचारधारा वाले संगठनों को एक साथ बैठने पर विचार करना चाहिए। किसी सदस्य/पदाधिकारी के साथ मनमुटाव को मिल बैठकर निपटाना चाहिए, किसी को जीवनपर्यंत पदाधिकारी बने रहने की भी अनुमति नहीं होनी चाहिए। नेतृत्व की नई पीढ़ी तैयार करने की जिम्मेदारी भी वरिष्ठ पदाधिकारियों की होनी चाहिए। गीता में श्रीकृष्ण ने कहा है कि कलयुग में संगठन में ही शक्ति होगी (गुटों में बंटे संगठनों में नहीं)। संघे शक्ति कलयुगे।

**- संजीव चौधरी**
**अध्यक्ष, कैमिस्ट एसोसिएशन बिजनौर**

## विद्या मंदिर कॉलेज में धूमधाम से मनाया गया होली उत्सव



होली खेलते बच्चे।

**अफजलगढ़ (चिंगारी)।** यहां स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में होली का उत्सव बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान आचार्य मनोज शर्मा ने होली का त्यौहार मनाने के कारणों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि होली फाल्गुन मास की पूर्णिमा को हर वर्ष मनाई जाती है। इस दिन राजा हिरण्यकशिपु की बहन होलिका प्रहलाद को मारने की दृष्टि से आग में लेकर बैठ गई थी, लेकिन ईश्वर की कृपा से प्रहलाद बच गए और होलिका जलकर भस्म हो गई। इसी दिन से होली का पर्व मनाया जाता है। होली रंगों का त्यौहार है, यह हमें सभी प्रकार के भेदभाव भूल जाने का संदेश देता है। इस अवसर पर सारिका, अंशिका, हर्ष, संध्या, भविष्य, दिव्यांश आदि भैया-बहनों ने होली के उत्सव पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम में ओमकार सिंह, कल्याण सिंह, शैलेंद्र कुमार, अमरीश कुमार, खुशीराम सिंह, श्रीमती अरुणा देवी, श्रीमती शिखा गुप्ता, वीरेंद्र कुमार रुहेला, राजकुमार आदि की सहभागिता रही।

## पिंजरे में कैद हुआ कांवड़िये पर हमला करने वाला गुलदार



पिंजरे में कैद गुलदार

**नहटौर (चिंगारी)।** ग्राम सीकरी बुजुर्ग में लगाए गये पिंजरे में गुलदार फंस गया। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने गुलदार को रेस्क्यू कर लिया है। ग्रामीणों का दावा है कि इसी गुलदार ने कांवड़िये पर हमला किया था। बता दें कि महाशिवरात्रि कांवड़ यात्रा के दौरान 13 फरवरी को ग्राम सीकरी बुजुर्ग दरबारपुर के पास गुलदार ने अपने परिजनों के संग चल रहे बाल कांवड़िये अनिकेत पुत्र दीपेंद्र निवासी डडियाल थाना आदमपुर, जिला अमरोहा पर हमला कर दिया था, जिससे क्षेत्र में दहशत व्याप्त हो गई थी। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने पिंजरा लगा दिया था। आज प्रातः पिंजरे से गरजने की आवाज सुनाई देने पर मौके पर ग्रामीण पहुंच गए, पिंजरे में गुलदार दिखाई दिया। ग्रामीणों का दावा है कि उक्त गुलदार द्वारा बाल कांवड़िये पर हमला किया गया था और यह गुलदार काफी समय से आसपास देखा जा रहा था। गुलदार के पकड़े जाने से ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है।

## खासपुरा जूनियर हाईस्कूल में हुई क्विज प्रतियोगिता

**खासपुरा (चिंगारी)।** जनता शिशु विद्या मंदिर जूनियर हाईस्कूल खासपुरा में कक्षा 3 से 5 एवं 6 से 8 के छात्र-छात्राओं के बीच गणित एवं विज्ञान विषय पर आधारित क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, इसमें अव्वल आए छात्र-छात्राओं को स्कूल प्रबंधन के द्वारा सिलिड देकर सम्मानित किया गया। जानकारी के मुताबिक इस अभियान के तहत कक्षा 3 से 8 के लिए अंजलि, सरबजीत सिंह, रितिका, भावना, सृष्टि, कनिष्का, खुशी, वर्णिका, रितु, भूवी, दामिनी, प्रियांशी, कशिश, गुंजन, हरप्रीत, आरिफ, वासु कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।



# रमज़ान में अदा करें ज़कात और फ़ितरा - मौलाना शादाब

**स्योहारा ( चिंगारी )।** ठाकुरद्वारा रोड स्थित मदरसा जमीउल कुरान मुनज़्ज़म के मुदर्रिस मौलाना हाफ़िज़ मुहम्मद शादाब ने बताया कि इस्लाम में ज़कात को बुनियादी इबादतों में शामिल किया गया है। जिन लोगों के पास साल भर में निसाब से अधिक माल, दौलत ज़मीन, घर होती है, उन पर उसकी ढाई प्रतिशत रकम जरुरतमंदों को देना फर्ज है। ज़कात का मतलब 'पाक करना' और 'बढ़ाना' है। यानी अल्लाह की राह में खर्च किया गया माल घटता नहीं, बल्कि उसमें बरकत होती है। उन्होंने कहा कि ज़कात का मतलब दुनिया में माली हालत हो एक जैसा बनाए रखना है, ताकि अमीर और गरीब के बीच की खाई कम हो सके। ज़कात के माध्यम से गरीब परिवारों की बुनियादी जरुरतें जैसे राशन, कपड़े, इलाज और बच्चों की पढ़ाई पूरी होती हैं। इससे दुनिया में भाईचारे और मदद का जज़्बा बढ़ता है और एक-दूसरे को मजबूती मिलती होती है। इसी तरह फितरा, जिसे सदक़ा-ए-फित्र भी कहा जाता है। ईद उल फितर से पहले अदा किया जाता है। इसका मकसद यह है कि जरुरतमंद लोग भी ईद की खुशियों में बराबरी से शामिल हो सकें। हर साहिबे हैसियत इंसान पर अपने और अपने बच्चों, मां, बाप, भाई-बहन की ओर से फितरा देना वाजिब है। मौलाना ने बताया कि फितरा ईद की नमाज से पहले अदा कर देना चाहिए, ताकि जरुरतमंद समय रहते अपनी तैयारी कर सकें। ज़कात और फितरा दिखावे के बजाय खामोशी और सच्चे दिल से अदा करना इससे अल्लाह भी खुश होंगें और इसका बेहतर सवाब मिलेगा। रमज़ान का मतलब है कि इंसान सिर्फ अपने लिए नहीं, बल्कि दूसरे कमजोर और जरुरतमंद लोगों के लिए भी सोचे।


मौ. शादाब

## डा.तफ़ज़्ज़ुल ने किया इफ़्तार पार्टी का आयोजन

**स्योहारा ( चिंगारी )।** शनिवार को ठाकुरद्वारा रोड स्थित रिहान अहमद के आवास पर उनके छोटे भाई डा.मोहम्मद तफ़ज़्ज़ुल ने रोजेदारों को विशाल रोज़ा इफ्तार पार्टी का आयोजन कराया गया। जिसमें रोजेदारों के साथ-साथ सर्वसमाज के लोगों ने भागीदारी कर डा. मोहम्मद तफ़ज्जुल को मुबारकबाद पेश की। डा. मोहम्मद तफ़ज़्ज़ुल ने कहा कि रोज़ेदारों के लिए रोज़ा इफ़्तार कराना एक बहुत बड़ा सवाब का काम है, अपनी खुशी में रोज़ेदारों के साथ-साथ सभी को शामिल करना चाहिए और जरूरतमंदों का भी खास ख्याल रखना चाहिए चाहे, वह किसी भी जाति और मज़हब का हो। इफ़्तार पार्टी में रिहान अहमद, यूसुफ़ अहमद, सुबहान अहमद, फरमान अहमद, अयान अहमद, हसन और हुसैन ने लोगों का स्वागत कर शुक्रिया अदा किया। इस मौके पर डा.शान, सलीम कुरैशी, वरिष्ठ पत्रकार रियाज़ उर्फ़ प्रिंस, निजाम अहमद, फैसल, कारी इसरार, ज़ाकिर, नवाब अहमद, अफजाल अहमद, हाजी इरफान, अजमल, अर्श सहित सैकड़ों लोगों ने हिस्सा लिया।



## रंगदारी मांगने के खेल में सोनू मलिक गई जेल में

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** पूंडरी कलां के ग्राम प्रधान पति द्वारा उन्हें बलात्कार के झूठे मुकदमे में फंसाने एवं फैसले के नाम पर 5 लाख रूपये की रंगदारी मांगने के आरोप में दर्ज कराये गये मुकदमे में पुलिस ने एक अभियुक्ता सोनू मलिक को गिरफ्तार करके न्यायालय के आदेश पर जेल भेज दिया। ज्ञातव्य है कि क्षेत्र की ग्राम पंचायत शाहजहांपुर जसरथ उर्फ पूंडरी कलां के ग्राम प्रधान पति संदीप राठी उर्फ टीनू पुत्र विजय सिंह ने विगत 6 फरवरी को सोनू मलिक पत्नी सलमान, सलमान पुत्र अनीस निवासीगण ग्राम पूंडरी कलां थाना नांगल, गुलशन पत्नी आजाद निवासी ग्राम महेश्वरी थाना कोतवाली देहात तथा अंशुल पुत्र नामालूम निवासी शकरपुरी थाना किरतपुर के विरुद्ध जबरन वसूली, आपराधिक षड्यंत्र रचने तथा आपराधिक धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया था। संदीप राठी ने इसी प्रकरण में जबरन वसूली का दबाव बनाने का आरोप लगाते हुए शिकायत की थी। थानाध्यक्ष अमर सिंह राठौर ने बताया कि सोनू मलिक पत्नी सलमान को प्रयागराज से गिरफ्तार करके शनिवार को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया और न्यायालय के आदेश पर जेल भेज दिया गया।

चिंगारी
ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा


सभी क्षेत्रवासियों को **मुकद्दस रमज़ान** की **दिली मुबारकबाद**
**शहज़ाद अहमद**
जिला महासचिव बिजनौर
( आजाद समाज पार्टी कां. )
**पूर्व चेयरमैन,** झालू न.प. ( बिजनौर )
**सम्भावित प्रत्याशी** 22-विधानसभा, बिजनौर
**ग्यारहवां रोजा : रविवार 01 मार्च**
इफ्तार सुन्नी 6:20, शिया 6:30
**बारहवां रोज़ा : सोमवार, 02 मार्च**
सहरी- सुन्नी 5:17 शिया 5:10

शहजाद अहमद

## छात्रों को प्रमाण-पत्र वितरित किये


प्रतीक चिन्ह एवं प्रमाण-पत्र के साथ गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल के बच्चे।

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** गुरुकुल इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल हरचंदपुर द्वारा आयोजित विद्यालय स्तरीय आत्मविश्लेषण टैस्ट सहप्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को शनिवार को प्रतीक चिन्ह एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किये गये। इसके अलावा स्कूल में प्री-प्राइमरी लेवल पर क्विज और वर्ड्स मीनिंग प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। आत्मविश्लेषण टैस्ट सह प्रतियोगिता में एकेडमिक सिलेबस, सामान्य ज्ञान और साक्षात्कार को शामिल किया गया था। उक्त टैस्ट में सभी बच्चों ने बेहद उत्साह के साथ प्रतिभाग किया था। स्कूल के एम.डी. डालचंद पाल और प्रधानाचार्य शूरवीर राजपूत ने बताया कि स्कूलों में यदि ऐसे प्रतियोगी टैस्ट होते रहेंगे, तो बच्चों के बौद्धिक स्तर में वृद्धि होगी और उनके अंदर सृजनात्मक परिवर्तन होगा।

## झेरे में गिरा गुलदार

**चांदपुर ( चिंगारी )।** ग्राम ककराला में गुलदार के झेरे में गिरने की खबर से मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई।



सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम भी मौके पर पहुंच गई। आज सुबह कुछ किसान जंगल जा रहे थे, जब वे प्रधान तेजपाल सिंह के खेत के नजदीक पहुंचे तब उन्हें झेरे से गुलदार के गुर्राने की आवाज सुनाई दी। झेरे में झांकने पर उन्हें गुलदार दिखाई दिया। गुलदार के झेरे में गिरने की खबर सुनकर सैकड़ों ग्रामीण वहां जमा हो गए। सूचना पर वन विभाग की टीम गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरे के साथ मौके पर पहुंच गई। ग्रामीणों ने बताया कि अभी भी जंगल में और गुलदार हैं। मालूम हो कि 17 फरवरी को भी ग्राम तोहफापुर के जंगल में गुलदार झेरे में गिर गया था, जिसे वन विभाग की टीम ने कई घन्टों की मशक्कत के बाद रेस्क्यू किया था।

## सदस्यता अभियान चलाने का आह्वान



**चांदपुर ( चिंगारी )।** आजाद समाज पार्टी की बैठक में सदस्यता अभियान चलाकर अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ने तथा बूथ को मजबूत बनाने पर विचार-विमर्श किया गया। यहां मुहल्ला कटकुई में आसपा के जिला प्रभारी व विधानसभा क्षेत्र चांदपुर प्रभारी मोहम्मद ताहिर के आवास पर आयोजित बैठक में पार्टी की नीतियों एवं विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। बैठक में प्रदेश कोर कमेटी के सदस्य भीम सेन हल्दिया ने आसपा से तेजी के साथ लोगों के जुड़ने पर प्रसन्नता जताई। बैठक में आसपा के जिला महासचिव शहजाद, जिला उपाध्यक्ष राजवीर सिंह, विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष नरेंद्र कुमार, नगर अध्यक्ष मौ. जावेद आदि सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।




## फोटोग्राफर्स ने बच्चों के साथ मनायी होली

**चांदपुर ( चिंगारी )।** फोटोग्राफर्स एसोसिएशन चांदपुर से फोटोग्राफर्स ने ग्राम मुंढाल स्थित दयानंद गुरुकुल सेवा संस्थान में जाकर बच्चों के साथ होली मनाई। उनको अपने बीच पाकर बच्चे खुशी से झूम उठे। बच्चों ने रंग खेलने के साथ ही होली के गीतों पर जमकर झूमे। इस अवसर पर एसोसिएशन के अध्यक्ष सहदेव सिंह, लवली शर्मा, राजेंद्र शर्मा, राजेंद्र यादव,नकुल राजपूत, अमित, विनय, अखिल, संदीप, मानव, पीयूष, सुरेश पुखराज, मोहित, हर्षित, रुद्राक्ष, आदित्य, आशु गोयल आदि मौजूद रहे।

# क्लब के कार्यक्रम में खेली गई ब्रज की होली




**बिजनौर ( चिंगारी )**। गोल्डन लायनेस नवचेतना क्लब द्वारा ब्रज की होली थीम पर भव्य एवं रंगारंग होली महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ क्लब की अध्यक्षा सुमन, सचिव रेनू व ट्रेजरार ज्योति द्वारा अतिथियों का तिलक कर उन्हें पौधा भेंटकर स्वागत किया गया। इस भव्य कार्यक्रम की शुरुआत खुशबू कर्णवाल एवं अंजना त्यागी द्वारा भगवान श्री कृष्ण राधा रानी स्वरूप बच्चों पर पुष्प अर्पित करके की गई। क्लब सदस्यों द्वारा सामूहिक व एकल नृत्य व गायन के माध्यम से मनमोहक प्रस्तुति दी गई। विभिन्न प्रकार के खेल भी आयोजित किये गये, होली क्वीन नितिन चौधरी व रंगों की रानी दीप्ति अग्रवाल रही।

साड़ी प्रतियोगिता में कविता ने बाजी मारी। निर्णायक मंडल में प्रतियोगिता की प्रोजेक्ट हेड सुनीता सिंह, पीडीसीपी अरुणा मित्तल व किरण अग्रवाल रही। ब्रज की पारंपरिक शैली में फूलों की होली खेली गई, जिसमें गुलाल और रंग-बिरंगे पुष्पों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। मंच का संचालन ज्योति व शैली ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में क्लब की गोल्डन लायनेस नीतू, अनीता, अर्चना, करुणा, नेहा, निशु, नितिन, राखी, रूपाली, शिल्पा, योगिता, मिली, नीलम, पारुल,रीना, रुमझुम, रमा,भावना का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# एडुलीडर्स संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन



**बिजनौर ( चिंगारी )**। उच्च प्राथमिक विद्यालय भोजपुर भोपतपुर, मौ.पुर देवमल में वार्षिकोत्सव और एडुलीडर्स संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

विद्यालय प्रबंध समिति और विद्यालय के शिक्षकों ने मिलकर जयदीप मलिक सहायक अध्यापक के निर्देशन में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया। विशेष रूप से विद्यालय की शिक्षिका आरती राजपूत व नैना के निर्देशन में बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक और शिक्षा तथा समसामायिक विषयों से जुड़े कार्यक्रमों ने उपस्थित अभिभावकों व अतिथियों और जनपद से पधारे अनेकों शिक्षकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान व अतिथियों द्वारा अच्छा प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कार प्रदान किए गए। इस विद्यालय के बच्चों द्वारा खेल कूद, विज्ञान व विभिन्न प्रतियोगिताओं में निरंतर शानदार प्रदर्शन किया जाता है। कार्यक्रम में एडुलीडर्स समूह के 25 शिक्षकों को जिला संयोजक सुधीर राणा और जनपदीय एडुलीडर्स टीम द्वारा प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। बालचंद सिंह,ताजवीर सिंह, शुचि शर्मा, मनीषा त्यागी, कृष्ण औतार वर्मा,शाहदिल नईम, विभोर अग्रवाल,दीपक चौधरी ,रितेश भटनागर आदि का विशेष सहयोग रहा। साथ ही इस वर्ष के राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षक सुनील कुमार का मार्गदर्शन भी प्राप्त हुआ। प्रशस्ति-पत्र प्राप्त करने वाले टीचर्स में उदिता सिसौदिया, संदीप कुमार, सुमंत शर्मा, ललित कुमार, रितु, अल्पना वर्मा, नवनीत कुमार, मणि सिंह, चित्र कुमार, नीतू शर्मा, आसमा सचदेवा, रूपेश राजपूत, कपिल कुमार, रूचि चौधरी, सलोनी, प्रगति, विपिन कुमार, धीरज कुमार, हेमलता, मेघा गर्ग आदि शामिल रहे।

# पावर कारपोरेशन से सेवानिवृत्ति पर वसीम अहमद ने की रोज़ा इफ़्तार की दावत



**नगीना ( चिंगारी )**। उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लि.में जे एम टी के पद से 42वर्ष सेवा करने के बाद सेवानिवृत हुए नगर के मोहल्ला क़ाज़ी सराय प्रथम निवासी वसीम अहमद ने रोजा इफ्तार दावत का आयोजन किया। शनिवार की शाम धामपुर मार्ग स्थित एक बैंकेट हाल प्रांगण में हुए रोजा इफ्तार दावत में चेयरमैन संघ के जिला अध्यक्ष शेख शाहनवाज खलील, जामा मस्जिद के इमाम मुफ्ती उवैस अकरम,रॉयल हैंडी क्राफ्ट्स के स्वामी जुल्फिकार आलम,क़ाज़ी अरशद मसूद, सैयद आसिफ अली,तनवीर अख़्तर, सैफुलइस्लाम उर्फ अच्छे,अरशद प्रिंस,महेश,शेख़ अरशद नगीनवीं,भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष नीरज बिश्नोई, प्रहलाद कुशवाह, डॉ. भूपेश चौहान,व्यापारी नेता अब्दुल कय्यूम राईन, मास्टर खुर्शीद अनवर, प्रधानाचार्य शाहिद अली गौहर,काजी मेहराज, डॉ नदीम फारुकी, डॉ. सिकंदर शेख, शेख मोहम्मद जमशेद, शेख सद्दन ठेकेदार,अंजार सैफी, मास्टर जहीर अनवर,मोहम्मद साद,शेख राशिद, तंजील आलम, मसरूर आलम, मुजम्मिल अजीम, डॉ. मुज्जम हुसैन रियाजी, शेख मुनीर आलम,गौरव गोयल आदि मौजूद रहे।

# पति, सास व ससुर गिरफ़्तार



**चांदपुर ( चिंगारी )**। पुलिस ने दहेज हत्या में नामजद पति, सास व ससुर को गिरफ्तार कर लिया। विगत 18 फरवरी को क्षेत्र के ग्राम अकौंधा में यास्मीन की मौत हो गई थी, उसका शव घर के कमरे में पंखे से लटका मिला था। मृतका के भाई युसूफ निवासी ग्राम जमना ने अपनी बहन की ससुराल वालों पर दहेज की मांग पूरी न होने पर मृतका के पति, सास व ससुर पर उसकी बहन की हत्या कर देने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने पति फहीम, ससुर यासीन व सास सबीला को गिरफ्तार कर लिया।

ATHER अब आपके शहर बिजनौर में ATHER

इंडिया का नं. 1 फैमिली स्कूटर (RIZTA)
आकर्षक छूट व कम ब्याज दर पर उपलब्ध है।



एथर इलैक्ट्रिक स्कूटर का शोरूम
ATHER अब धामपुर में खुलने जा रहा है
आवश्यकता है-
मैनेजर, सेल्समैन, मैकेनिक
मो. 9119766026


एथर इलेक्ट्रिक
असली इलेक्ट्रिक

Dhruvika Motors

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor 246701 Ph- 9240083911

# बापूग्राम में धरना दे रहे लोगों के बीच पहुंचे नेता प्रतिपक्ष

## प्रकरण को सदन में उठाने का आश्वासन दिया



**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** बापू ग्राम प्रकरण को लेकर चल रहे धरना-प्रदर्शन में उत्तराखंड के नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य एवं पूर्व विधायक मनोज रावत धरना स्थल पर पहुंचे और आंदोलनरत लोगों को समर्थन दिया। जिसके बाद धरना स्थल पर समिति के अध्यक्ष रमेश जुगलान, पार्षदों ने नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य को ज्ञापन सौंपते हुए बापू ग्राम के प्रभावित परिवारों की समस्याओं से अवगत कराया तथा उनसे विधानसभा सदन में मजबूती से जनता की आवाज उठाने का अनुरोध किया।। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि बापू ग्राम की जनता अपने अधिकारों के लिए शांतिपूर्ण संघर्ष कर रही है। सरकार को जनता की समस्याओं को गंभीरता से लेना चाहिए। वह इस मुद्दे को तथ्यों के साथ विधानसभा सदन में प्रमुखता से उठायेंगे और हर परिवार को न्याय दिलाने के लिए लड़ाई लड़ेंगे। किसी भी नागरिक के आशियाने के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। पूर्व विधायक मनोज रावत ने कहा कि बापू ग्राम का संघर्ष अब किसी एक मोहल्ले या क्षेत्र तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि यह प्रदेश भर में आम जनता के अधिकारों और सम्मान से जुड़ा विषय बन चुका है।

कांग्रेस नेता जयेंद्र रमोला ने कहा कि बापू ग्राम का मुद्दा किसी प्रकार की राजनीति का विषय नहीं, बल्कि क्षेत्र की जनता के अधिकारों से जुड़ा संवेदनशील मामला है।

कार्यक्रम का संचालन पार्षद सत्या कपरूवान, पार्षद सचबीर भण्डारी द्वारा किया गया, अध्यक्षता रमेश जुगलान ने किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष मोहित उनियाल, महानगर अध्यक्ष राकेश सिंह, विनय सारस्वत, सुधीर राय रावत, अविनाश सेमल्टी, पार्षद सचवीर भण्डारी, पार्षद मुस्कान चौधरी, पार्षद दिनेश रावत, पार्षद राजेश कोठियाल, पार्षद अनिल रावत, पार्षद सुरेन्द्र नेगी, शैलेंद्र बिष्ट, दिनेश चंद्र मास्टर,भूपेंद्र राणा, सिंह राज पोसवाल, रामकुमार भतालिये, दीपा चमोली, दिनेश व्यास, सुभाष जखमोला,जतिन राणा, प्रदीप चंद्रा, संजय भारद्वाज आदि उपस्थित थे।

# 'इको फ्रैण्डली होली' पर निबंध प्रतियोगिता कराई

## सुप्रिया बुडाकोटी प्रथम स्थान पर आई

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** कोटद्वार स्थित राजकीय महाविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग में इको फ्रैंडली होली विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें स्नातक एवं स्नातकोत्तर के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता का आरंभ प्राचार्य प्रो. डीएस नेगी द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि होली के जश्न में पर्यावरण को सुरक्षित रखना भी जरूरी है। इसके लिए हमें प्राकृतिक और फूलों से बने रंगों का चुनाव करना चाहिए। प्राकृतिक रंग न केवल त्वचा के लिए सुरक्षित होते हैं, बल्कि इनमें औषधीय गुण भी होते है। विभाग प्रभारी डॉ. राखी डिमरी ने कहा कि इको फ्रैंडली होली का मतलब सिर्फ पर्यावरण की चिंता नहीं होता बल्कि जीवनशैली में संतुलन लाना भी होता है। तत्पश्चात आयोजित निबंध प्रतियोगिता में बीएससी चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा सुप्रिया बुडाकोटी ने पहला, एमएससी चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा प्रीती नेगी ने दूसरा और बीएससी चतुर्थ सेमेस्टर के देवाशीष रावत एवं वंशिका ने संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त किया।

# पीएम विश्वकर्मा योजना के लाभकारियों को विपणन एवं मार्केटिंग सम्बंधी जानकारी दी

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत आने वाले एमएसएमई विकास एवं सुविधा कार्यालय, हल्द्वानी व देहरादून द्वारा संयुक्त रूप से जिला उद्यान केंद्र, कोटद्वार में पीएम विश्वकर्मा लाभार्थियों के लिए विपणन एवं मार्केटिंग विषय पर एक दिवसीय जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में लगभग 200 पीएम विश्वकर्मा लाभार्थियों ने प्रतिभाग कर विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए उद्यान विभाग के सहायक निदेशक संदीप प्रियदर्शी ने कहा कि पीएम विश्वकर्मा योजना पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों को सशक्त बनाने की दिशा में केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि योजना के माध्यम से लाभार्थियों को प्रशिक्षण, टूलकिट, वित्तीय सहायता और विपणन समर्थन उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे वे अपने उत्पादों की गुणवत्ता सुधारने के साथ बाजार में बेहतर प्रतिस्पर्धा कर सकें। उन्होंने लाभार्थियों से योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाने और स्वरोजगार को बढ़ावा देने का आह्वान किया। कार्यक्रम में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के अधिकारियों ने वित्तीय समस्याओं के समाधान और ऋण सुविधाओं की जानकारी दी। साथ ही पोस्ट ऑफिस, उद्योग विभाग तथा नगर निगम के प्रतिनिधियों ने पीएम विश्वकर्मा योजना एवं अन्य योजनाओं से संबंधित जानकारी साझा की। जिला उद्योग केन्द्र के अधिकारियों ने भी विभागीय योजनाओं एवं पीएम विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत मिलने वाले लाभों पर विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर सहायक प्रबंधक उद्योग आकांक्षा, सहायक निदेशक डी.के. जोशी, कार्यालय अधीक्षक कृपाली मीणा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# पीएसीएल ठगी पीड़ितों ने प्रदर्शन किया
## जमा रकम वापस कराने को ज्ञापन दिया

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** पीएसीएल ठगी पीड़ित जमाकर्ताओं ने लगातार आंदोलन के बाद भी उनकी रकम वापस नहीं मिलने पर रोष व्यक्त किया है। कहा कि प्रदेश सरकार को रकम वापस दिलवाने के लिए गंभीरता से कार्य करना चाहिए।

कंपनी के ठगी पीड़ित, जमाकर्ता संगठन के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव शास्त्री के नेतृत्व में तहसील परिसर में एकत्र हुये, जहां उन्होंने शासन-प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की और उपजिलाधिकारी संदीप कुमार के माध्यम से मुख्यमंत्री व वित्त सचिव को ज्ञापन प्रेषित किया। वक्ताओं ने कहा कि निवेशकों ने अपनी मेहनत की गाढ़ी कमाई इन चिटफंड कंपनियों के झांसे में आकर जमा करवा दी। लेकिन, कंपनियों ने अपना कारोबार बंद कर दिया, जिस कारण निवेशकों का करोड़ों रूपया कंपनियों में फंस गया। कहा कि डूबी रकम वापस करने के लिए निवेशक लगातार मांग उठा रहे है। इस संबंध में केंद्र सरकार ने बड्स एक्ट 2019 लागू किया था, जिसमें पीड़ितों को भुगतान करने के लिए तहसील स्तर पर भुगतान पटल बनाए जाने की व्यवस्था करवाई गई थी। जहां पर पीड़ितों ने आवेदन भी जमा करवाए लेकिन, अभी तक उनके आवेदनों पर कोई कार्यवाही नहीं हुई है। मौके पर पीड़ितों ने प्रदेश सरकार से भुगतान आवेदनों पर कार्यवाही कर डूबी रकम वापस दिलवाने की मांग की है। ज्ञापन प्रेषित करने वालों में गजे सिंह रावत, लक्ष्मी भारती, कल्पना रावत, उर्मिला कुकरेती, कलावती बिष्ट, इंदु देवी, कुसुम भट्ट, कुलवंत पुंडीर शामिल रहे।

# साहित्यिक नगरी में बदल रही है धर्मनगरी : डॉ. जायसवाल

## सतरंगी काव्य गोष्ठी में गीतिका संग्रह 'नवल विभा' का विमोचन



**हरिद्वार ( चिंगारी )।** धर्मनगरी हरिद्वार अब धीरे-धीरे कला और संस्कृति के साथ-साथ बहुत गति के साथ 'साहित्यिक नगरी' का रूप लेती जा रही है। इस दिशा में साहित्यकार काफी कार्य कर रहे हैं, लेकिन अभी इस ओर बहुत कुछ करना बाकी है। यह विचार हरिद्वार के लोकप्रिय कवि, काव्य छंद व्याकरण के जानकार तथा परिक्रमा साहित्यिक एवं सांस्कृतिक मंच के सचिव शशि रंजन 'समदर्शी' के गीतिका संग्रह 'नवल विभा' के विमोचन समारोह तथा कवि गोष्ठी में एस.एम.जे.एन. पी.जी. कालेज के पूर्व प्राचार्य तथा कवि डॉ. शिव शंकर जायसवाल ने मुख्य अतिथि के रूप में अपना उद्बोधन करते हुये व्यक्त किये।

देर शाम तक चले इस कार्यक्रम का आयोजन परिक्रमा साहित्यिक एवं सांस्कृतिक मंच की ओर से भेल के सेक्टर-2 स्थित सरस्वती विद्या मंदिर के विशाल माधव सभागार में किया गया। पुस्तक के विमोचन समारोह के बाद एक सबरंग काव्य गोष्ठी आयोजित की गयी, जिसमें नगर की लगभग सभी साहित्यिक संस्थाओं से सम्बद्ध वरिष्ठ एवं युवा कवियों ने अपनी-अपनी विधाओं में सरस एवं ओजस्वी कविताओं व गीतों का पाठ कर तालियां बटोरी। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि भेल के महाप्रबन्धक डॉ. नागेन्द्र प्रसाद राय तथा बागपत से पधारे छंद विशेषज्ञ मनोज मानव तथा लोकेन्द्र दत्त अंथवाल ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम अध्यक्ष वरिष्ठ कवि पं. ज्वाला प्रसाद शांडिल्य 'दिव्य' ने उपस्थित रचनाकारों को गीतिका छंद की बारीकियां समझाईं। पुस्तक विमोचन कार्यक्रम का संचालन मदन सिंह यादव तथा कवि गोष्ठी का संचालन चेतना पथ के सम्पादक तथा गीतकार अरुण कुमार पाठक ने किया।

वरिष्ठ कवि व समीक्षक साधुराम पल्लव तथा डॉ. सुशील कुमार त्यागी ने विमोचित पुस्तक 'नवल विभा' की समीक्षा की। 'नवल विभा प्रकाशन' की प्रमुख विभा चौधरी ने प्रकाशक की ओर से सभी का स्वागत किया।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# ग्राम काशीरामपुर में तालाब के पास से हटाए गए कूड़े के ढेर

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। ग्राम काशीरामपुर में कैंसर से हो रही मौतों का कारण जानने के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गांव में भ्रमण कर स्वास्थ्य कैंप के माध्यम से स्क्रीनिंग की। गांव में अभी तक कैंसर स्पेशलिस्ट टीम के नहीं पहुंचने पर ग्रामीणों में भारी रोष भी है। तीन दिन पूर्व बीडीओ राहुल तेवतिया के द्वारा गांव का निरीक्षण किया गया था। जिसमें उन्होंने गांव में साफ-सफाई की व्यवस्था सही न होने को लेकर नाराजगी जताते हुए सफाई कराने के निर्देश दिए थे। ग्राम प्रधान छोटे सिंह ने बताया कि गांव में जेसीबी की मदद से तालाब के किनारे व अन्य जगह से कूड़े के ढेर को हटवाकर साफ-सफाई कराई गई है। गांव में अतिरिक्त सफाई कर्मचारियों के द्वारा सफाई अभियान चलाया जा रहा है। गांव में कीटनाशक दवाई का स्प्रे भी कराया गया जिससे संक्रमण रोग की रोकथाम हो सके।

# वन विभाग की टीम ने तालाब से नहर में पहुंचे मगरमच्छ को पकड़ा



मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। मंडावली क्षेत्र के ग्राम भागूवाला से नांगल जाने वाले श्यामीवाला मार्ग पर नहर के पास बने तालाब में मगरमच्छ होने की वनविभाग को सूचना दी गई। सूचना पर राजगढ़ भागूवाला के सेक्शन प्रभारी वन दरोगा योगेश कुमार, बीट प्रभारी मेघनाथ, वन दरोगा शुभम शुक्ला, वन रक्षक शिवम गोसाई, सतपाल व पवन कुमार के साथ मौके पर पहुंचे तथा तालाब में मगरमच्छ को पकड़ने के लिए रेस्क्यू किया। मगरमच्छ तालाब से नहर में पहुंच गया। जिसे लेकर टीम के द्वारा बड़ी मशक्कत के बाद रेस्क्यू कर मगरमच्छ को जाल की मदद से नहर के अंदर से पकड़ लिया गया। सेक्शन प्रभारी वन दरोगा योगेश कुमार ने बताया कि रेस्क्यू किए गए मगरमच्छ को उनके प्राकृतिक प्रवास में छोड़ दिया गया है।

## 'आप' कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशियां मनाई

नजीबाबाद (चिंगारी)। आम आदमी पार्टी कार्यालय नजीबाबाद पर कार्यकर्ताओं ने आबकारी घोटाले में न्यायालय द्वारा सभी आरोपियों को दोष मुक्त किये जाने पर एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया।



कार्यकर्ताओं ने कहा कि बीजेपी ने सोची समझी साजिश के तहत पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया व संजय सिंह पर फर्जी मुकदमे दर्ज कर उन्हें जेल भेजा था। जिला अध्यक्ष जितेंद्र सिंह चौहान ने कहा के बीजेपी बेहद करप्ट पार्टी है, अरविंद केजरीवाल को फसाने का काम किया। जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष अबरार अहमद ने कहा न्यायालय से इंसाफ मिलने पर बीजेपी की पूरे हिंदुस्तान में बहुत ज्यादा किरकिरी हुई है। इस मौके पर सनव्वर शेख, अभिषेक, अर्जुन सिंह, मोहम्मद नाजिम बेग, इरफान अहमद, मोहम्मद हनीफ, मास्टर इब्राहिम, मुख्तार अहमद, महबूब आलम, कलीम अहमद, मोहित कुमार, नरेश चौहान, मोहम्मद साबिर, नसीम अहमद, सरफराज अहमद, मोहम्मद आलम, मोहम्मद इस्लाम, अंकित कुमार कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## दो छात्राओं से दुष्कर्म का आरोपी टीचर गिरफ्तार

नजीबाबाद (चिंगारी)। स्थानीय पुलिस ने दो छात्राओं से दुष्कर्म के आरोपी टीचर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि दो छात्राओं से दुष्कर्म करने के मामले में दर्ज किये गये मुकदमे में आरोपी प्राइवेट स्कूल का टीचर अंशुल कुमार पुत्र शंकर सिंह निवासी मौहल्ला जाब्तागंज को छात्रा को बहला फुसलाकर उसके साथ गलत काम करने के मामले में गिरफ्तार कर चालान कर दिया गया है। पुलिस ने इस मामले में बीएनएस की धार 5एम/6 पॉक्सो एक्ट भी लगाई है।

## मंडावली पुलिस ने त्यौहार के मद्देनजर फ्लैग मार्च किया



मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। आगामी त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए मंडावली थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार ने क्षेत्र के ग्राम मुस्सेपुर में पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च के दौरान गांव में निकाले जाने वाले जुलूस मार्ग का निरीक्षण करते हुए ग्रामीणों से आगामी होली के त्यौहार को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की। इस मौके पर एसआई संजय कुमार, एसआई देवपाल सिंह, एसआई दयानंद आदि मौजूद रहे।

Kajaria TRANSFORM YOUR WORLD
Kajaria Exculsive Showroom
बिल्डर्स व थोक खरीदारों को विशेष छूट
Tiles & Sanitaryware का Exclusive Showroom
DR. FIXIT WATERPROOFING EXPERT
Nanotechnology Based SEELAN BLOCK सीलन ब्लॉक
₹8/- PER SQ. FT सभी प्रकार की सीलन से सुरक्षा
TILE O GRIP BONDING CHEMISTRY
8445517265
8791919960
सेंट जौसफ स्कूल के सामने तीमरपुर, रावली रोड, बिजनौर

आवश्यकता है
प्रेमा सत्यवीरा कन्या इण्टर कॉलेज मण्डावर में विज्ञान, भूगोल, समाजशास्त्र, हिन्दी, चित्रकला, उर्दू विषय को पढ़ाने हेतु योग्य अध्यापिकाओं की आवश्यकता है। इच्छुक अभ्यर्थी विद्यालय कार्यालय में संपर्क करें।
मो. 8445271443

भारत की दो बहादुर बेटियाँ "विंग कमांडर व्योमिका सिंह" और "कर्नल सोफिया कुरैशी"
के सम्मान में बिजनौर पब्लिक स्कूल जुलाई 2025 से
बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु पेश करता है अपनी योजना
"सिंदूरी"
योजना की प्रमुख विशेषताऐं:-
★ यह योजना कक्षा- 2 तक की सभी छात्राओं के लिए उपलब्ध होगी।
★ विद्यालय कक्षा- 2 तक की सभी छात्राओं को मासिक ट्यूशन फीस में 10 प्रतिशत छूट देगा।
★ लड़कियों के लिए निःशुल्क आत्मरक्षा प्रशिक्षण।
★ नर्सरी से यू.के.जी. की छात्रों को मुफ्त पुस्तकें एवं कॉपियाँ दी जाएगी।
हमारी विशेषताऐं:-
1. उच्च योग्य और अनुभवी शिक्षकों द्वारा परिणामोन्मुखी शिक्षण।
2. स्मार्ट कक्षाऐं जो छात्रों के लिए सीखने का आनन्ददायक अनुभव है।
3. सभी विषयों की पूर्ण सुसज्जित प्रयोगशालाऐं उपलब्ध।
4. सभी मार्गों के लिए बस सुविधा उपलब्ध।
5. सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए खूबसूरत वातानुकूलित आडिटोरियम।
6. बड़े खेल मैदान में सभी खेलों की सुविधा।
हमारे अचीवर्स
Neal Rajput, Pranab Rajput, Roopali, Vanshika Singh, Avantika Rana, Avantika Malik
BIJNOR PUBLIC SCHOOL
A Co-educational Senior Secondary School.
Najibabad Road, Bijnor (U.P.) 246701 9837205062, 8006677928

आवश्यकता है
Hero
जे.पी. ऑटोमोबाइल्स
(हीरो मोटो कॉर्प शोरूम)
हल्दौर को सर्विस सुपरवाइजर की आवश्यकता है। हीरो की सभी गाड़ियों पर फाइनेंस की सुविधा न्यूनतम ब्याज दर पर उपलब्ध है।
सम्पर्क करें- मो. 9359796698, 9528850309, 9634549679